के. शशि लाल नायर ने अपना फ़िल्मी जीवन **शंकराभरणम्, सरगम, कामचोर** और अन्य फ़िल्मों में सहायक के रूप में प्रारंभ किया। उन्होंने **बहू की आवाज़** का निर्देशन किया, जोकि दुल्हनों को जलाने तथा दहेज़ पर तीखा प्रहार करती है। इसके बाद उन्होंने **परिवार, क्रोध, फलक** तथा **करमदाता** फ़िल्मों का निर्देशन किया।

K. SASHILAAL NAIR began his career in films as an assistant in the films **Sankarabharanam, Sargam, Kaam Chor** and others. He directed **Bahu ki Awaaz**, a strong comment on bride burning and dowry. This was followed by work on **Parivaar, Kroadh, Falak** and **Karamadatta.**

सर्वोत्तम नृत्य संयोजन पुरस्कार

लक्ष्मी बाई कोल्हापुरकर

नृत्य संयोजक: **लक्ष्मी बाई कोल्हापुरकर** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम नृत्य संयोजन का 1992 का पुरस्कार **लक्ष्मीबाई कोल्हापुरकर** को मराठी फ़िल्म **एक होता विदूषक** में सर्वप्रिय परम्परागत लोक रंगमंच रूप को सफलतापूर्वक पर्दे पर उतारने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST CHOREOGRAPHY

LAXMIBAI KOLHAPURKAR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Choreographer: **LAXMIBAI KOLHAPURKAR**

Citation

The Award for the Best Choreography of 1992 is given to **LAXMIBAI KOLHAPURKAR** for successfully adapting a popular traditional folk theatre form to the screen in the Marathi film **EK HOTA VIDUSHAK.**

लक्ष्मी कोल्हापुरकर ने सात वर्ष की आयु में नृत्य करना प्रारम्भ किया। बिन्नी भैया और गुलाम हुसैन कुरेशी के मार्गदर्शन में कत्थक शैली में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपनी माता के तमाशा दल, हंस मंजुला कोल्हापुरकर पार्टी में काम करना शुरु किया। उन्होंने तमाशा समारोहों में महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त किए हैं। वर्तमान में वे नए कलाकारों के लिए तमाशा रंगमंच कार्यशालाओं का आयोजन करती हैं। **एक होता विदूषक** उनकी पहली फ़िल्म है, जिसमें उन्होंने नृत्य किया है।

LAKSHMI KOLHAPURKAR started dancing at the age of seven. After getting trained in Kathak style under Bini Bhaiya and Gulam Hussain Khureishi, she took over her mother's tamasha troupe, the Hansa Manjula Kolhapurkar Party. She has won prestigious awards in tamasha festivals. Currently she conducts tamasha theatre workshops for newcomers. **Ek Hota Vidushak** is the first film she has choreographed.

सर्वोत्तम असमिया कथाचित्र पुरस्कार

रेलार-अलिर-दुबारी-बोन

निर्माता: **पुलक गोगोई** को रजत कमल तथा 20,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **पुलक गोगोई** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम असमिया कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार असमिया फ़िल्म **रेलार-अलिर-दुबानी-बोन** को शोषित निर्धनों की त्रासदी को नए ढंग से प्रस्तुत करने और उनकी व्यथा तथा लाचारी का मार्मिक चित्रण करने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN ASSAMESE

RELAR-ALIR-DUBARI-BON

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer: **PULAK GOGOI**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **PULAK GOGOI**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Assamese of 1992 is given to **RELAR-ALIR-DUBARI-BON** for its innovative style in putting across the tragedy of the exploited poor and portraying their agony and helplessness in a poignant manner.

पुलक गोगोई ने पेन्टर तथा कार्टूनिस्ट के रूप में अपना व्यावसायिक जीवन शुरू किया। उनके कार्यों को भारत तथा विदेश में प्रदर्शित किया गया। उन्होंने अपना फ़िल्मी जीवन 1973 में **खोज** से प्रारंभ किया। उनकी अन्य फ़िल्में **श्रीमती महिमामाई** (1979), **सदारी** (1982) **सेंदूर** (1984), **सूरज** (1985) हैं तथा असम के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर अनेक वृत्तचित्र हैं। वे लेखों तथा लघु कहानियों के लेखक भी हैं और उन्होंने **हेमान्तिका** उपन्यास भी प्रकाशित किया है।

PULAK GOGOI began his career as a painter and cartoonist and his works have been exhibited in India and abroad. He began his film career in 1973 with **Khoj**. His other films are **Smt Mahimamayee** (1979), **Sadari** (1982), **Sendur** (1984), **Suruj** (1985) and several documentaries on various aspects of Assamese life. He is also a writer of articles and short stories and has published a novel, **Haimantika**.

सर्वोत्तम बंगला कथाचित्र पुरस्कार

तहादेर कथा

निर्माता: **राष्ट्रीय फ़िल्म विकास निगम लि.** को रजत कमल तथा 20,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **बुद्धदेब दासगुप्ता** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम बंगला कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार **तहादेर कथा** को दिया गया है जिसमें सर्वथा वास्तविक सामाजिक-राजनैतिक समस्या का असामान्य तथा चुनौतीपूर्ण विवेचन लाक्षणिक भाषा में किया गया है—एक स्वतंत्रता सेनानी जब परदेस से लौटता है तो अपने देश को पूर्णरूपेण बदला हुआ पाता है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN BENGALI

TAHADER KATHA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer: **NATIONAL FILM DEVELOPMENT CORP.**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **BUDDHADEB DASGUPTA**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Bengali of 1992 is given to **TAHADER KATHA** for its most unusual and daring treatment of a very real socio-political issue in a metaphoric manner—the alienation of a freedom fighter from his country, now changed beyond recognition.

बुद्धदेव दासगुप्ता का जन्म 1944 में हुआ था। .वे कलकत्ता विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्राध्यापक थे और एक सुप्रसिद्ध कवि हो गए। उनके कार्यों को पत्र–पत्रिकाओं तथा संग्रहों में प्रकाशित किया गया और उन्हें अंग्रेजी, फ्रांसीसी, ग्रीक तथा अन्य विदेशी भाषाओं के अलावा कई भारतीय भाषाओं में अनूदित किया गया है।

अपने काव्य का विस्तार सिनेमा तक करने के उद्देश्य से उन्होंने अपने विद्योचित पद को छोड़ दिया। अपनी काव्यात्मक संवेदनशीलता तथा शहरी रागात्मक वास्तविकता के लिए उनकी प्रारम्भिक फ़िल्मों की अत्यधिक सराहना की गई। उनकी तीन फ़िल्में—**दुरात्वा, गृहयुद्ध** और **अंधी गली** के पूरा होने से वे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हो गए। **फेरा** में व्यक्ति के संकट का पता लगाने के लिए वे भारतीय सिनेमा की सुधारवादी साहित्यिक परम्परा से मुड़ गए।

BUDDHADEB DASGUPTA was born in 1944 in Bengal. He was a lecturer in economics at Calcutta University and became widely known as a poet. His works have been published in journals and anthologies and have been translated into many Indian languages as well as English, French, Greek and other foreign languages.

He gave up his academic post to extend his poetry to cinema. His early films were highly praised for their poetic sensibility and urban lyrical realism. With the completion of his trilogy, **Dooratwa, Grihajuddha** and **Andhigali,** he became internationally famous. In **Phera,** he turned from the reformist literary tradition of Indian cinema to explore the crisis of the individual.

सर्वोत्तम हिन्दी कथाचित्र पुरस्कार

सूरज का सातवां घोड़ा

निर्माता: **राष्ट्रीय फ़िल्म विकास निगम लि.** एवं **दूरदर्शन** को रजत कमल तथा 20,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **श्याम बेनेगल** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार हिन्दी फ़िल्म **सूरज का सातवां घोड़ा** को दिया गया है जिसमें प्रेम के भाव तथा अर्थ को कवित्वमय रूप में अभिव्यक्त किया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN HINDI

SURAJ KA SATVAN GHODA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producers: **NATIONAL FILM DEVELOPMENT CORP.** and **DOORDARSHAN**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **SHYAM BENEGAL**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Hindi of 1992 is given to **SURAJ KA SATVAN GHODA** for its poetically charming enquiry into the nature and meaning of love.

निर्देशन के क्षेत्र में वर्ष 1974 में फ़िल्म **अंकुर** का निर्देशन करने से पूर्व **श्याम बेनेगल** का विज्ञापन में लंबा व्यावसायिक अनुभव रहा है। तब से, उन्होंने टेलीविज़न धारावाहिकों तथा वृत्तचित्रों के अलावा 20 कथाचित्रों का निर्माण किया है। उनकी फ़िल्मों में **निशान्त** (1975), **मंथन** (1976), **भूमिका** (1977), **जुनून** (1978), **कलयुग** (1980), **आरोहण** (1982), **सत्यजीत रे** (1984) और **अन्तर्नाद** (1992) प्रमुख हैं। उन्हें पद्मश्री और पद्म विभूषण, भारत के दो सर्वाधिक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

SHYAM BENEGAL had a long career in advertising before his directorial debut with the film **Ankur** in 1974. Since then, he has made 20 feature films, in addition to television serials and documentaries. Among his films are **Nishant** (1975), **Manthan** (1976), **Bhumika** (1977), **Junoon** (1978), **Kalyug** (1981), **Arohan** (1982), **Satyajit Ray** (1984) and **Antarnaad** (1992). He has received the Padma Shri and the Padma Bhushan, two of India's most prestigious awards.

सर्वोत्तम कन्नड़ कथाचित्र पुरस्कार

हरकेया कुरि

निर्माता: **बी.बी. राधा** को रजत कमल तथा 20,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **ललिता रवि (के.एस.एल. स्वामे)** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कन्नड़ कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार **हरकेया कुरि** को दिया गया है जिसमें वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों को राजनैतिक व्यंग्य के रूप में प्रस्तुत किया गया है और भोले-भाले नागरिकों को राजनीतिज्ञों के निजी स्वार्थों के लिए उनके हाथों का मोहरा दिखाया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN KANNADA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer: **B.V. RADHA**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **LALITHA RAVEE (K.S.L. SWAME)**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Kannada of 1992 is given to **HARAKEYA KURI** for its political satire depicting the present-day social situation wherein the innocent citizens are made pawns in the hands of politicians with vested interests.

बी.बी. राधा 25 वर्षों से भी अधिक समय से सिनेमा के क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कन्नड़, तेलुगु और तमिल की 150 से भी अधिक फ़िल्मों में अभिनय किया है। उन्हें अपने अभिनय के लिए कई पुरस्कार मिले हैं। उन्होंने राधा रवि चित्रा के सहयोग से चार कन्नड़ फ़िल्मों का निर्माण किया है। वे **हरकेया कुरि** की सह-निर्माता है।

B.V. RADHA has been in the field of cinema for over 25 years and : as acted in more than 150 films in Kannada, Telugu, and Tamil. She has won many awards for her acting.

She produced four Kannada films under the banner of Radha Ravi Chitra and she is the co-producer of **Harakeya Kuri.**

ललिता रवि (के.एस.एल. स्वामे) जो रवि के नाम से प्रसिद्ध हैं, कन्नड़ सिनेमा के जाने-माने निर्देशकों में से एक हैं। उन्होंने सामाजिक, पौराणिक, लोककथा, जीवनियों, वन्य-जीवन विषयों पर फ़िल्मों तथा साहसिक नाटकों सहित चालीस फ़िल्मों का निर्देशन किया है। उन्होंने अपनी कुछेक फ़िल्मों में अभिनय भी किया है और गीत भी गाए हैं। उन्होंने फ़िल्म-क्राफ्ट में जी.वी. अय्यर से प्रशिक्षण लिया और 1966 में एक स्वतंत्र निर्देशक के रूप में पहली बार फ़िल्म **तोगुदीपा** का निर्देशन किया। उनकी पुरस्कार पाने वाली फ़िल्मों में **मलय मारुता** को संगीत में सुर सिंगर संसद पुरस्कार तथा **जम्बू सवारी** को वर्ष 1990 में राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह में स्वर्ण कमल मिला।

LALITHA RAVEE (K.S.L. SWAME), popularly known as Ravee, is one of the most renowned directors of Kannada cinema and has directed forty films including socials, mythologicals, folklore, biographicals, wildlife films and adventure dramas. He has acted and sung in some of his films. He trained in filmcraft with G.V. Iyer and made his debut as an independent director in 1966 with **Thogudeepa.** His award-winning films are **Malaya Maarutha,** which won the Sur Singar Sansad award for music, and **Jamboo Savaari**, which won the Swarna Kamal in the National Film Festival in 1990.

सर्वोत्तम मलयालम कथाचित्र पुरस्कार

स्वरूपम

निर्माता: **पी.टी.के. मोहम्मद** को रजत कमल तथा 20,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **के.आर. मोहनन्** को रजत पदक तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम मलयालम कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार **स्वरूपम** को दिया गया है जिसमें उसकी मौलिक संकल्पना तथा प्रतिदिन के जीवन की कटु यथार्थता से पलायन कर अपने रहस्यमय अतीत में आश्रय पाने वाले व्यक्ति के मनोविज्ञान का गहन अध्ययन किया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN MALAYALAM

SWAROOPAM

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer: **P.T.K. MOHAMMED**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **K.R. MOHANAN**

Citation
The Award for the Best Feature Film in Malayalam of 1992 is given to **SWAROOPAM** for its original concept and in-depth exploration of the psyche of a man who escapes into the mystic past to flee from the harsh reality of everyday life.

पी.टी.के. मोहम्मद ने **अश्वथामा, पुरुषार्थम** और **स्वरूपम** का निर्माण किया है और वे मलयालम कथाचित्र **मगरिब** का निर्देशन कर रहे हैं। उन्होंने **उप्पू** में मुख्य भूमिका निभाई, जिसे 1986 में सर्वोत्तम कथाचित्र का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

P.T. KUNHI MOHAMMED produced **Aswatthama, Purushartham** and **Swaroopam** and is now directing **Magrib**, a feature film in Malayalam. He played the main role in **Uppu**, which won the national award for the best feature film in 1986.

के.आर. मोहनन् ने फ़िल्म तथा टेलीविज़न संस्थान, पुणे में फ़िल्म निर्देशन का अध्ययन किया। उनके प्रथम कथाचित्र **अश्वथामा** (1978) और **पुरुषार्थम** (1988) को सर्वोत्तम मलयालम फ़िल्म का केरल राज्य पुरस्कार मिला। मोहनन् ने केरल सरकार के विभिन्न विभागों के लिए 25 से भी अधिक वृत्तचित्रों का आलेखन तथा निर्देशन किया। आजकल वे केरल राज्य फ़िल्म विकास निगम में कार्यरत हैं।

K.R. MOHANAN studied film direction at the Film and Television Institute, Pune. His first feature films, **Aswatthama** (1978) and **Purushartham** (1988), won the Kerala State Award for the Best Malayalam Film. The latter also won the national award for the best Malayalam film. Mohanan has scripted and directed more than 25 documentaries for various departments of the Government of Kerala. He is now working in the Kerala State Film Development Corporation.

सर्वोत्तम मराठी कथाचित्र पुरस्कार

एक होता विदूषक

निर्माता: **राष्ट्रीय फ़िल्म विकास निगम लि.** को रजत कमल तथा 20,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **डॉ. जब्बार पटेल** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम मराठी कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार **एक होता विदूषक** को दिया गया है जिसमें चकाचौंधपूर्ण सिने जगत तथा राजनीतिज्ञों द्वारा शोषित सीधे-सादे तमाशा विदूषक के मानवता भरे चरित्र का निरूपण किया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN MARATHI

EK HOTA VIDUSHAK

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Director: **NATIONAL FILM DEVELOPMENT CORP.**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **DR. JABBAR PATEL**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Marathi of 1992 is given to **EK HOTA VIDUSHAK** for its humane portrait of a simple tamash clown sucked in by the glittering world of show business and exploited by politicians.

डॉ.जब्बार पटेल ने 1974 में फ़िल्म **सामना** के निर्देशक के रूप में अपने प्रथम प्रयास से पूर्व **घासी राम कोतवाल, थ्री पैनी ओपरा** तथा **पदगाम** नाटकों का निर्देशन किया और राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की। तब से, उन्होंने **जैत रे जैत** (1978), **सिंहासन** (1979), **उम्बरता** (1981), **सुबह** (1982), **मुसाफिर** (1985) तथा **एक होता बिदूषक** (1992) और अनेक वृत्तचित्रों का निर्देशन किया। उनकी कई फ़िल्में अंतराष्ट्रीय फ़िल्म समारोहों में प्रदर्शित हुई और उनकी बहुत प्रशंसा की गई।

DR. JABBAR PATEL directed the plays **Ghasiram Kotwal, Three Penny Opera** and **Padgam** and became well-known at a national level before he made his debut as a film director with **Saamna** in 1974. Since then, he has directed **Jait re Jait** (1978), **Simhasan** (1979), **Umbartha** (1981), **Subah** (1982), **Musafir** (1985) and **Ek Hota Vidushak** (1992), as well as a number of documentaries. Several of his films have been screened at international film festivals and have won critical acclaim.

सर्वोत्तम उड़िया कथाचित्र पुरस्कार

विनया समया

निर्माता: **शंकर गोप** को रजत कमल तथा 20,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **मनमोहन महापात्र** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम उड़िया कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार फ़िल्म **विनया समया** को दिया गया है जिसमें धन दौलत के चक्कर में पड़े आधुनिक युवा वर्ग के भ्रष्टाचार का सशक्त प्रतिपादन किया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN ORIYA

VINYA SAMAYA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer: **SHANKAR GOPE**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **MANMOHAN MAHAPATRA**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Oriya of 1992 is given to **VINYA SAMAYA** for its competent treatment of the corruption of modern youth in search of illusive wealth.

शंकर गोप ने व्यापार में अपने लंबे और सफल जीवन के पश्चात् 1989 में फ़िल्म और रंगमंच के क्षेत्र में प्रवेश किया। उन्होंने चार बंगला तथा दो उड़िया फ़िल्मों का निर्माण किया। **श्वेत पाथरेर थाला** (बंगला) और **विनया समया** (उड़िया) राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हैं।

SHANKAR GOPE entered the field of film and theatre in 1989 after a long and successful career in business. He has produced four Bengali films and two Oriya films. **Shwet Paatharer Thaala** (Bengali) and **Vinya Samaya** (Oriya) are national award winners.

मनमोहन महापात्र ने भारतीय फ़िल्म तथा टेलीविज़न संस्थान, पुणे से स्नातक की डिग्री प्राप्त की और 1976 में अपनी प्रथम फ़िल्म **सीता राती** का निर्देशन किया। तब से, उन्होंने चार वृत्तचित्रों तथा नौ कथाचित्रों का निर्माण किया जिनमें से अधिकांश को पुरस्कार प्राप्त हुए। इस समय वे **मिस्ट बिआंड द होरिजन** नामक फ़िल्म बना रहे हैं। महापात्र ने कथा-लेखन किया है और वे **नीरब झाड़ा माझी पहाचा, किच्ची स्मृति, किच्ची अनुभूति** और कई अन्य फ़िल्मों का कला निर्देशन किया है। निशिधा स्वप्ना को 1988 में कला-निर्देशन का राज्य पुरस्कार मिला।

MANMOHAN MAHAPATRA graduated from the Film and Television Institute of India, Pune, and directed his first film, **Seeta Raati,** in 1976. Since then, he has made four documentaries and nine feature films, most of which have won awards. He is currently filming **Mist beyond the Horizon.** Mahapatra wrote the script and was associated with the art direction of **Neeraba Jhada, Majhi Pahacha, Kichhi Smruti, Kichhi Anubhuti** and several other feature films. **Nisidhha Swapna** won a state award for art direction in 1988.

सर्वोत्तम तमिल कथाचित्र पुरस्कार

तेवर मगन

निर्माता: **कमल हासन** को रजत कमल तथा 20,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **भरतन्** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम तमिल कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार **तेवर मगन** को दिया गया है जिसमें एक ऐसे सुशिक्षित युवक की गतिशील भूमिका का चित्रण किया गया है जो अन्याय से लड़ने के लिए गांव को लौट आता है तथा इस प्रक्रिया के दौरान उसके अन्दर की पाश्विक वृतियां जाग उठती हैं ।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN TAMIL

THEVAR MAGAN

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer: **KAMAL HAASAN**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **BHARATHAN**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Tamil of 1992 is given to **THEVAR MAGAN** for its dynamic depiction of an educated youth who returns to his roots to fight injustice and in the process is forced to unleash the animal within him.

कमल हासन को चार वर्ष की आयु में **कालातुर कन्नम्मा** में अपने कार्य के लिए राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक मिला। छोटी आयु में ही वे एक रंगमंच ग्रुप में जा मिले और शास्त्री नृत्य तथा संगीत सीखा। कमल हासन ने तमिल, मलयालम, तेलुगु, कन्नड़, हिंदी और अंग्रेजी की 150 से भी अधिक फ़िल्मों में अभिनय किया। **नायकन्, चाणक्यन, पुष्पक, गुना** और **तेवर मगन** उनकी कुछेक प्रयोगात्मक फ़िल्में हैं। उनकी चार फ़िल्मों को अमेरिकी ऑस्कर पुरस्कार के लिए भारतीय प्रविष्टि के रूप में नामित किया गया है। फ़िल्म **नायकन्** (1988) और **मुंडराम् पिरै** (1982) में उन्हें सर्वोत्तम अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

KAMAL HAASAN won the President's Gold Medal at the age of four for his performance in **Kalathur Kannamma.** At an early age he joined a theatre group and learned classical dance and music. Kamal Haasan has acted in more than 150 films in Tamil, Malayalam, Telugu, Kannada, Hindi and English. **Nayakan, Chanakyan, Pushpak, Gunaa** and **Thevar Magan** are some of his experimental films. Four of his films have been nominated as India's entry for the American Oscar. He won the national award for the best actor for his performances in **Nayakan** (1988) and **Mundram Pirai** (1982)

भरतन् मलयालम और तमिल के सुप्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता हैं। उन्होंने 1975 में अपनी पहली फ़िल्म **प्रयाणम** बनाई। इसके पश्चात उन्होंने कई फ़िल्मों का निर्माण किया जिन्हें पुरस्कार प्रदान किए गए। भरतन् ने पैंतीस फ़िल्मों का निर्देशन किया जिनमें आठ को भारतीय पैनोरमा के लिए चुना गया और अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह में प्रदर्शित किया गया। उन्हें निर्देशक और कला-निर्देशक के रूप में पुरस्कार मिले हैं और उन्होंने कई फ़िल्मों का सम्पादन किया, उनके लिए संगीत तैयार किया और गीत लिखे। उनकी सुप्रसिद्ध फ़िल्में **तकरा, रतिनिरवेदम, लॉरी, वैशाली, अमरम्** और **वेंगलम्** हैं।

BHARATHAN is a well-known film maker in Malayalam and Tamil. He made his first film, **Prayanam,** in 1975. It was followed by several award-winning films. Bharathan has directed thirty-five films, of which eight were selected for the Indian Panorama and screened at the International Film Festival. He has won awards as director and art director and has edited, scored music for and written lyrics for several films. Among his noteworthy films are **Thakara, Rathinirvedam, Lorry, Vaishali, Amaram** and **Vengalam.**

सर्वोत्तम तेलुगु कथाचित्र पुरस्कार

अंकुरम

निर्माता: **के.वी. सुरेश कुमार** को रजत कमल तथा 20,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **सी. उमामहेश्वर राव** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम तेलुगु कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार तेलुगु फ़िल्म **अंकुरम** को एक ऐसी साधारण गृहिणी के संघर्ष के लिए दिया गया है जो अकेले ही दमनकारी व्यवस्था के विरोध में उठ खड़ी होती है और उसे इस कार्य में सफलता मिलती है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN TELUGU

ANKURAM

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer: **K.V. SURESH KUMAR**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **C. UMAMAHESWARA RAO**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Telugu of 1992 is given to **ANKURAM** for the struggle of a simple housewife who fights an oppressive system single-handed and succeeds in making a dent.

के.बी. सुरेश कुमार का जन्म 1955 में हुआ। उन्होंने कला में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और व्यापार–जगत में प्रवेश किया। **अंकुरम** उनकी पहली फ़िल्म है जिसकी लोगों ने बहुत सराहना की है।

K.V. SURESH KUMAR was born in 1955. He graduated in arts and entered the world of business. **Ankuram** is his first film venture and it has drawn a good response from the public.

सी. उमामहेश्वर राव कई वर्षों तक फ़िल्म उद्योग से जुड़े रहे और उन्होंने फ़िल्म निर्माण के सभी पहलुओं पर कार्य किया है। **अंकुरम** उनकी तीसरी ऐसी फ़िल्म है जिसका निर्देशन उन्होंने अकेले ही किया। उन्होंने तेलुगु में दो बहुत ही लोकप्रिय टेलीविज़न धारावाहिकों और महिलाओं के कल्याण पर कुछ लघु फ़िल्मों का भी निर्देशन किया है। वर्तमान में वे एक उच्च बजट की तेलुगु फ़िल्म पर कार्य कर रहे हैं।

C. UMAMAHESWARA RAO has been in the film industry for many years and has worked in all aspects of film-making. **Ankuram** is the third feature film he has directed independently. He has also directed two very popular television serials in Telugu and some short films on women's welfare. He is presently working on a high budget Telugu film.

सर्वोत्तम अंग्रेजी कथाचित्र पुरस्कार (संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट भाषाओं के अलावा प्रत्येक भाषा में सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार)

इलेक्ट्रिक मून

निर्माता: **एस.एस. बेदी** को रजत कमल तथा 20,000/- रुपए का नकद पुरस्कार
निर्देशक: **प्रदीप कृष्ण** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम अंग्रेजी कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार **इलेक्ट्रिक मून** को दिया गया है जिसमें एक जीर्ण-शीर्ण राजघराने की व्यंग्यपूर्ण पैरोडी प्रस्तुत की गई है और एक लुप्त हो रहे जीवन ढंग का हास्यपूर्ण एवं करुणामय चित्रण किया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN ENGLISH (Best Feature Film in a Language other than those specified in Schedule VIII of the Constitution)

ELECTRIC MOON

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer: **S.S. BEDI**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **PRADIP KRISHEN**

Citation

The Award for the Best Feature Film in English of 1992 is given to **ELECTRIC MOON** for its tongue-in-cheek parody of royalty gone to seed. A humorous depiction of a decaying way of life, not without its tragic undertones.

संदीप एस. बेदी ने वर्ष 1984 में स्वतंत्र रूप से टेली फ़िल्मों का निर्माण शुरू किया। उन्होंने दूरदर्शन के लिए तेरह भागों में बच्चों के धारावाहिक **टेलीफन** का निर्माण किया। उन्होंने **विल ऑफ स्टील** तथा **इन्विजिबल हैन्ड्स** का भी निर्माण किया। 1989 में वे पुरस्कार प्राप्त टेलीविज़न कथाचित्र **इन विच एनी गिवज़ इट दोज़ बन्ज** के कार्यकारी निर्माता थे।

SANDEEP SINGH BEDI started independent television productions in 1984. In 1985, he produced **Telefun,** a thirteen-part children's series for Doordarshan. He also produced **Will of Steel** and **Invisible Hands.** In 1989, he was executive producer for the award-winning television feature film, **In Which Annie Gives It Those Ones.**

प्रदीप कृष्ण ने मानव जातीय वृत्तचित्रों का निर्माण करने के लिए एक स्वतंत्र निर्माण कंपनी के रूप में 1980 में ग्रेपवाइन मीडिया की स्थापना की। 1983 में उन्होंने अपनी पहली फ़िल्म **मैसी साहिब** का निर्देशन किया, जो उनकी अपनी पुरस्कार पाने वाली पटकथा पर आधारित थी। फ़िल्म को वीनिस फ़िल्म समारोह में समीक्षक-पुरस्कार और भारतीय निर्देशक संघ की ओर से सर्वोत्तम निर्देशक का पुरस्कार मिला। कृष्ण की दूसरी कल्पित फ़िल्म **इन विच एनी गिवज़ इट दोज़ बन्ज** थी, जिसे दो राष्ट्रीय पुरस्कार मिले।

PRADIP KRISHEN set up Grapevine Media in 1980 as an independent production company making ethnographic documentaries. In 1983 he directed his first feature film, **Massey Sahib,** which was based on his own prize-winning script. The film won a Critic's Award at the Venice Film Festival and the Best Director Award from the Indian Director's Association. Krishen's second fictional film was **In Which Annie Gives It Those Ones,** which won two national awards.

राष्ट्रीय एकता पर सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार

रोजा (तमिल)

निर्माता: **कवितालय प्रॉडक्शंस (प्रा.) लि.** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **मणि रत्नम्** को रजत कमल तथा 15,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

राष्ट्रीय एकता पर सर्वोत्तम कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार तमिल फ़िल्म **रोजा** को दिया गया है जिसमें समाज विरोधी गतिविधियों को अन्ततोगत्वा निरर्थक समझ लेने वाली स्वःकथित मुक्ति सेना द्वारा एक भारतीय वैज्ञानिक के अपहरण का रोमांचक ड्रामा प्रस्तुत किया गया है।

NARGIS DUTT AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM ON NATIONAL INTEGRATION

ROJA (Tamil)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer: **KAVITHALAYAA PRODUCTIONS (P) LTD.**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Director: **MANI RATNAM**

Citation

The Award for the Best Feature Film on National Integration of 1992 is given to the Tamil film **ROJA** for presenting a thrilling drama of the abduction of an Indian scientist by a self-proclaimed liberation army which later realises the futility of its anti-social activities.

निर्देशक के रूप में **मणि रत्नम्** की पहली फ़िल्म **पल्लवी अनुपल्वी** (कन्नड़) थी, जिसे 1983 में सर्वोत्तम पटकथा के लिए कर्नाटक राज्य पुरस्कार मिला। **मौन रागम्** (1986), **नायकन्** (1987), **अग्नि नटचत्रम्** (1988), **गीतांजी** (1989), **दलापति** (1091) और **रोजा** (1992) पुरस्कार पाने वाली अन्य फ़िल्में हैं। **अंजलि** (1990) को ऑस्कर पुरस्कार के लिए भारत की प्रविष्टि के रूप में नामित किया गया। **मणि रत्मन्** ने अपनी कई प्रारंभिक फ़िल्मों के लिए पटकथाएं लिखीं।

MANI RATNAM's first directorial venture was **Pallavi Anupallavi** (Kannada), which won the Karnataka State Award for Best Screenplay in 1983. His other award-winning films are **Mouna Ragam** (1986), **Nayakan** (1987), **Agni Natchatram** (1988), **Gitanjali** (1989), **Dalapathi** (1991) and **Roja** (1992). **Anjali** (1990) was entered from India for the Oscar. Mani Ratnam has written the screenplay for many of his earlier films.

परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

श्वेत पाथरेर थाला (बंगला)

निर्माता: **शंकर गोप** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **प्रभात राय** को रजत कमल तथा 15,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार बंगला फ़िल्म **श्वेत पाथरेर थाला** को कुप्रथा का विरोध करने वाली एक विधवा के साहसपूर्ण चित्रण के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST FILM ON FAMILY WELFARE

SHWET PAATHARER THAALA (Bengali)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer: **SHANKAR GOPE**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Producer: **PRABHAT ROY**

Citation

The Award for the Best Film on Family Welfare of 1992 is given to the Bengali film **SHWET PAATHARER THAALA** for its bold depiction of a widow who defies tradition.

शंकर गोप ने व्यापार में अपने लंबे और सफल जीवन के पश्चात् 1989 में फ़िल्म और रंगमंच के क्षेत्र में प्रवेश किया। उन्होंने चार बंगला तथा दो उड़िया फ़िल्मों का निर्माण किया। **श्वेत पाथरेर थाला** (बंगला) और **विनया समया** (उड़िया) राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हैं।

SHANKAR GOPE entered the field of film and theatre in 1989 after a long and successful career in business. He has produced four Bengali films and two Oriya films. **Shwet Patharer Thala** (Bengali) and **Vinya Samaya** (Oriya) are national award winners.

प्रभात राय ने अपनी फ़िल्मों का निर्देशन करने से पूर्व शक्ति सामंत, प्रमोद चक्रवर्ती, असित सेन और तरुण मजूमदार जैसे निर्देशकों के साथ बारह वर्ष तक कार्य किया। उनकी प्रथम बंगला फ़िल्म **प्रतिदान** को बहुत सफलता मिली। तभी से उन्होंने **प्रतिकार, प्रतीक, पापी** और **अनुताप** सहित आठ सफल बंगला फ़िल्मों और तीन हिंदी फ़िल्मों का निर्माण किया है। उनके पटकथा लेखन तथा तकनीकी कार्य की भी व्यापक प्रशंसा की जाती है।

PRABHAT ROY worked with the directors Shakti Samanta, Promod Chakravorty, Asit Sen and Tarun Majumdar for twelve years before directing his own films. His first Bengali film, **Pratidaan,** was a hit. Since then, he has directed eight Bengali hits including **Pratikaar, Prateek, Paapi** and **Anutap,** as well as three Hindi films. His scripting and technical work are also widely appreciated.

सामाजिक विषयों पर सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

नींग नल्ला इरुक्कणम (तमिल)

निर्माता: **जी.वी. फिल्म्स लि.** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **विशु** को रजत कमल तथा 15,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

मद्य निषेध, महिला तथा बाल कल्याण, दहेज विरोध, नशीली दवाओं के सेवन आदि जैसे अन्य सामाजिक विषयों पर सर्वोत्तम कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार तमिल फ़िल्म **नींग नल्ला इरुक्कणम** को मद्य निषेध के मुद्दे को प्रभावी एवं उद्देश्यपूर्ण ढंग से प्रतिपादित करने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST FILM ON SOCIAL ISSUES

NEENGA NALLA IRUKKANUM (Tamil)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer: **G.V. FILMS LTD.**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Director: **VISU**

Citation

The Award for the Best Film on Social Issues such as Prohibition, Women and Child Welfare, Anti-Dowry and Drug Abuse of 1992 is given to the Tamil film **NEENGA NALLA IRUKKANUM** for its effective and purposeful plea for prohibition.

एम. आर. विश्वनाथन, जो विशु के नाम से जाने जाते हैं, ने अपना व्यावसायिक जीवन 1969 में रंगमंच कलाकार के रूप में शुरु किया। उन्होंने कई नाटक भी लिखे। उसके बाद से उन्होंने **कुडुम्बम ओरु कदम्बम** में पटकथा लेखक तथा अभिनेता के रूप में फ़िल्म उद्योग में प्रवेश किया जिसे तमिलनाडू में अत्यधिक सफलता मिली। तब से उन्होंने **मणल कयिरू, कनमणि पूंगा, डोरी कल्याणम्** और कई अन्य लोकप्रिय फ़िल्मों में अभिनय और निर्देशन किया।

M.R. VISWANATHAN, popularly known as Visu, began as a stage actor in 1969 and also wrote several plays. He then entered the film industry as a script writer and actor in **Kudumbam Oru Kadambam,** which was a tremendous success in Tamil Nadu. Since then, he has acted in and directed **Manal Kayiru, Kanmani Poonga, Dowry Kalyanam** and several other popular films.

पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम पुरस्कार

चेलुवी (हिन्दी)

निर्माता: **सादिर मीडिया प्रा. लि.** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **गिरीश कर्नाड** को रजत कमल तथा 15,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार हिन्दी फ़िल्म **चेलुवी** को वनों के नाश की गंभीर समस्या को प्रत्यक्ष एवं प्रभावी रूप से निरूपित करने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST FILM ON ENVIRONMENT/CONSERVATION/PRESERVATION

CHELUVI (Hindi)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer: **SADIR MEDIA PVT. LTD.**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Director: **GIRISH KARNAD**

Citation

The Award for the Best Film on Environment/ Conservation/ Preservation of 1992 is given to the Hindi film **CHELUVI** for its direct and effective communication of a threatening problem—deforestation.

गिरिश कर्नाड ने कर्नाटक विश्वविद्यालय और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन किया । वे भारतीय फ़िल्म टेलीविज़न संस्थान, पुणे के निदेशक थे । उन्होंने 1970 में अपनी पहली फ़िल्म **संस्कार** की पटकथा लिखी और उसमें अभिनय किया । तबसे उन्होंने छः कथाचित्रों और कई वृत्त चित्रों का निर्देशन किया । उनके नाटकों के लिए उन्हें संगीत नाटक अकादमी और नाट्य संघ कमला देवी पुरस्कार मिले । उन्हें 1988 में संगीत नाटक अकादमी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया । उन्हें 1974 में पद्मश्री तथा 1992 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया ।

GIRISH KARNAD studied at Karnatak University and Oxford University. He was Director of the Film and Television Institute of India, Pune. He scripted and acted in his first film **Samskara** in 1970. Since then, he has directed six feature films and several documentaries. His plays have won him the Sangeet Natak Akademi and the Natya Sangha's Kamaladevi Awards. He was appointed chairman of the Sangeet Natak Akademi in 1988. He was awarded the Padma Shri in 1974 and the Padma Bhushan in 1992.

सर्वोत्तम बाल कथाचित्र पुरस्कार

मुझसे दोस्ती करोगे (हिन्दी)

निर्माता: **राष्ट्रीय बाल एवं युवा चलचित्र केन्द्र** को स्वर्ण कमल तथा 30,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **गोपी देसाई** को स्वर्ण कमल तथा 15,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम बाल कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार हिन्दी फ़िल्म **मुझसे दोस्ती करोगे** को रोमांच एवं साहस की अपनी ही ख्याली दुनिया में खोए रहने वाले एक बच्चे के सहज और सस्नेह चित्रण के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST CHILDREN'S FILM

MUJHSE DOSTI KAROGE (Hindi)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer: **NATIONAL CENTRE OF FILMS FOR CHILDREN AND YOUNG PEOPLE**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Director: **GOPI DESAI**

Citation

The Award for the Best Children's Film of 1992 is given to the Hindi film **MUJHSE DOSTI KAROGE** for its gentle handling of a child who has exciting adventures in his own social dream world.

गोपी देसाई ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने जाह्नु बरुआ, केतन मेहता, महेश भट्ट और रमेश सिप्पी द्वारा निर्देशित फ़िल्मों में अभिनय किया। उन्हें सर्वोत्तम अभिनेत्री के लिए तीन बार गुजरात राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने नाटकों और दूरदर्शन धारावाहिकों में भी अभिनय किया है। अनेक लघु फ़िल्मों की पटकथाएं लिखने और उनका निर्देशन करने के पश्चात्, उन्होंने अपना प्रथम कथाचित्र **मुझसे दोस्ती करोगे** का निर्माण कार्य पूरा किया। उनका दूसरा कथाचित्र **गन्तव्य** निर्माणाधीन है।

GOPI DESAI is a graduate from the National School of Drama, New Delhi. She has acted in films directed by Jahnu Barua, Ketan Mehta, Mahesh Bhatt and Ramesh Sippy and has thrice won the Gujarat State Award for best actress. She has also acted in plays and television serials. After having written and directed several short films, she completed her first feature film, **Mujhse Dosti Karoge**. Her second feature film, **Gantavya,** is under production.

निर्णायक मंडल का विशेष पुरस्कार

शिवाजी गणेशन् तथा केतन मेहता

शिवाजी गणेशन् को रजत कमल तथा 5,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

केतन मेहता को रजत कमल तथा 5,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

निर्णायक मण्डल **तेवर मगन** के लिए अभिनेता **शिवाजी गणेशन्** को निर्णायक मण्डल का विशेष पुरस्कार प्रदान करता है।

निर्णायक मण्डल फ़िल्म **माया मेमसाब** के लिए **केतन मेहता** को भी निर्णायक मण्डल का विशेष पुरस्कार प्रदान करता है।

SPECIAL JURY AWARD

SIVAJI GANESAN and KETAN MEHTA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 5,000 to **SIVAJI GANESAN**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 5,000 to **KETAN MEHTA**

Citation

The Jury wishes to confer a Special Jury Award on thespian **SIVAJI GANESAN** for **THEVAR MAGAN.**

The Jury also wishes to confer a Special Jury Award on **KETAN MEHTA** for his film **MAYA MEMSAAB.**

शिवाजी गणेशन् का जन्म विल्लुपुरम में हुआ और उनका नाम चिन्नियापिल्लै गणेशन् था। 1946 में एक नाटक में एक मराठा योद्धा के रूप में अभिनय करते हुए रंगमंच पर उनका यह नाम हो गया। 1952 में अपनी प्रथम फ़िल्म **परशक्ति** से अब तक शिवाजी गणेशन् ने 250 से भी अधिक फ़िल्मों में अभिनय किया है। वे **बागपिरिविनै** (1959) में एक देहाती थे, **कप्पलोटिया तमिलन** (1961) में एक देशभक्त थे, **तिरुविलयाडल** (1965) में भगवान शिव थे और **पालुम पलमुम** (1961) में एक डाक्टर थे। **देव मगन** (1969) को ऑस्कर के लिए नामित किया गया था। सिनेमा में उनकी अभूतपूर्व सफलताओं के बावजूद भी उन्होंने ड्रामा में अपने आधार को नहीं छोड़ा और शिवाजी नाटक मनरम् को वित्तीय सहायता देना जारी रखा।

SIVAJI GANESAN, born Villupuram Chinniahpillai Ganesan, acquired his stage name when he acted as the Maratha warrior in a drama in 1946. Since his first film, **Parasakthi**, in 1952, Sivaji Ganesan has acted in more than 250 films. He was a rustic in **Bagapirivinai** (1959), a patriot in **Kappalottiya Tamizhan** (1961), Lord Shiva in **Tiruvilayadal** (1965), a doctor in **Paalum Pazhamum** (1961). **Deva Magan** (1969) was nominated for an Oscar. In spite of his roaring cinematic successes, he has not forgotten his roots in drama and continues to finance the Sivaji Nataka Manram.

केतन मेहता ने फ़िल्म तथा टेलीविज़न संस्थान, पुणे से फ़िल्म निर्देशन में डिप्लोमा प्राप्त किया है। 1972 से उन्होंने अनेक लघु फ़िल्मों, वृत्तचित्रों और टेलीविजन–कार्यक्रमों का निर्देशन तथा निर्माण किया है। उनकी कुछ पुरस्कार–प्राप्त फिल्में हैं – **भावनी भावै** (1979–80), **होली** (1983–84) और **मिर्च मसाला** (1985–86), केतन मेहता की अन्य प्रसिद्ध फ़िल्में **हीरो हीरालाल** (1987–88) और **मि० योगी** (1988) – तेरह भागों में टेलीविज़न धारावाहिक है।

KETAN MEHTA holds a diploma in film direction from the Film and Television Institute, Pune. Since 1972 he has directed and produced numerous short films, documentaries and television programmes. Some of his award-winning films are **Bhavni Bhavai** (1979-80), **Holi** (1983-84) and **Mirch Masala** (1985-86). Other notable films by Ketan Mehta are **Hero Hiralal** (1987-88) and **Mr. Yogi** (1988), a thirteen-episode television serial.

विशेष उल्लेख

सिब प्रसाद सेन

प्रशस्ति

विशेष उल्लेख का 1992 का पुरस्कार **सिब प्रसाद सेन** को फ़िल्म **पसन्दा पंडित** में उनके निर्देशन के क्षेत्र में उनके अभिनव प्रयास के लिए दिया गया है।

SPECIAL MENTION

SIBAPRASAD SEN

Citation

The Special Mention for 1992 is given to **SIBAPRASAD SEN** for his refreshing directorial debut in the film **PASANDA PUNDIT.**

सिबप्रसाद सेन एक बहु राष्ट्रीय कम्पनी के वरिष्ठ कार्यपालक हैं। उन्होंने जनतीय लोगों पर अनुसंधान किया है। अपने फ़िल्म कार्य में वे फ़िल्म निर्माता रितविक घटक से प्रभावित हुए हैं। सेन की पहली फ़िल्म **नागमति** को 1983 में राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। उन्होंने **पसंदा पंडित** की पटकथा भी लिखी है।

SIBAPRASAD SEN is a senior executive of a multinational company and has done research on tribal peoples. In his film work he has been influenced by the filmmaker Ritwik Ghatak. Sen's maiden film **Naagmati** won a national award in 1983. He has also written the screenplay for **Pasanda Pundit.**

पुरस्कार जो नहीं दिए गए

कथाचित्र निर्णायक मण्डल ने निम्नलिखित पुरस्कार नहीं दिया:

सर्वोत्तम पंजाबी कथाचित्र

निम्नलिखित भाषाओं की फ़िल्मों की प्रविष्टियां प्राप्त नहीं हुईं:–

1. गुजराती
2. कश्मीरी
3. सिंधी
4. उर्दू

AWARD NOT GIVEN

The Feature Film Jury did not give the following award:
Best Film in Punjabi

ENTRIES NOT RECEIVED IN THE FOLLOWING LANGUAGES:

1. Gujarati
2. Kashmiri
3. Sindhi
4. Urdu

ग़ैर-कथाचित्र पुरस्कार

Awards for Non-Feature Films

सर्वोत्तम गैर कथाचित्र पुरस्कार

इन सर्च ऑफ इण्डियन थियेटर (अंग्रेजी)

निर्माता: **अरुणधति चटर्जी** को स्वर्ण कमल तथा 15,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **अभिजीत चट्टोपाध्याय** को स्वर्ण कमल तथा 15,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम गैर कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार अंग्रेजी फ़िल्म **इन सर्च ऑफ इण्डियन थियेटर** को एक गहरी तथा संवेदनशील अन्तर्दृष्टि को समकालीन भारतीय थियेटर में निरूपित करने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST NON-FEATURE FILM

IN SEARCH OF INDIAN THEATRE (English)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Producer: **ARUNDHATI CHATTERJEE**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Director: **ABHIJIT CHATTOPADHYAY**

Citation

The Award for the Best Non-Feature Film of 1992 is given to **IN SEARCH OF INDIAN THEATRE** for a deep and sensitive insight into contemporary Indian theatre.

अरुणधति चटर्जी व्यवसाय से शिक्षक हैं और कलकत्ता की प्रसिद्ध सामाजिक संस्थाओं—नारी सेवा संघ और विश्वविद्यालय महिला संघ की सक्रिय सदस्या हैं।

ARUNDHATI CHATTERJEE is a teacher by profession and is an active member of the well-known social organisations Nari Seva Sangha and University Women's Association of Calcutta.



अभिजीत चट्टोपाध्याय को **छपकहानर बांगला हारफ़** और **ग्रेबन इमेज़** वृत्तचित्रों में उनके कार्य के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। उन्होंने 1989 में रवीन्द्रनाथ टैगोर के कार्य पर आधारित एक बंगला टेलीविज़न धारावाहिक **गोरा** की पटकथा लिखी, जिसे 1989 में टेलीविज़न पर दिखाया गया। उन्होंने हिन्दी टेलीविज़न धारावाहिक **प्रथम प्रतिश्रुति** में कला निर्देशक के रूप में काम किया, जिसे 1987 में टेलीविज़न पर दिखाया गया।

ABHIJIT CHATTOPADHYAY has won national awards for his work in the documentaries **Chhapakhanar Bangla Hàraf** and **Graven Image.** He wrote the script for **Gora,** a Bengali television serial based on the work of Rabindranath Tagore and telecast in 1989, and worked as art director in the Hindi television serial **Pratham Pratishrati,** telecast in 1987.

निर्देशक का सर्वोत्तम गैर-कथाचित्र पुरस्कार

नॉक आऊट (तमिल)

निर्माता: **बुद्धा पिक्चर्स, बी. लेनिन** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **बी. लेनिन** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

निर्देशक के सर्वोत्तम प्रथम गैर-कथाचित्र का पुरस्कार **नॉक आऊट** को दिया गया है। निर्देशक ने घोर संकट स्थिति का सामना करने वाले मानव-मस्तिष्क की भुलभुलैया का प्रभावशाली सूक्ष्म चित्रण किया है।

AWARD FOR THE BEST NON-FEATURE FILM OF A DIRECTOR

KNOCK-OUT (Tamil)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producers: **BUDDHA PICTURES, B. LENIN**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **B. LENIN**

Citation

The Award for the Best First Non-Feature Film of a Director is given to **KNOCK-OUT.** The director has given us a powerful insight into the labyrinth of the human mind faced with a disaster situation.

बी.लेनिन एक अनुभवी फ़िल्म संपादक और निर्देशक हैं। उन्होंने मलयालम, तमिल और तेलुगु फ़िल्मों पर कार्य किया है और उन्हें तमिलनाडू तथा केरल से राज्य पुरस्कार मिले हैं। **हृतु बेदम, अमरम्, गीताजंली, नायकन, अंजलि** और **कडावु** ऐसी पुरस्कार-प्राप्त फ़िल्में हैं जिनसे वे सहयोजित रहे हैं। उन्होंने **यत्तनै कोणम् यत्तनै पारवै** तथा टेलीविज़न धारावाहिक **सोलड़ी शिवशक्ति** का निर्देशन किया।

B. LENIN is an experienced film editor and director. He has worked on films in Malayalam, Tamil and Telugu and has won State Awards in Tamil Nadu and Kerala. Among the award-winning films with which he has been associated are **Hridhu Bedham, Amaram, Geethanjali, Nayakan, Anjali** and **Kadavu.** He directed **Etthanai Konam Etthanai Paarvai** and the television serial **Solladi Sivasakthi.**

सर्वोत्तम मानवशास्त्रीय/मानवजातीय फ़िल्म पुरस्कार

बांगला - ए गारो फेस्टीवल (अंग्रेजी)

निर्माता: **बप्पा रे** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **बप्पा रे** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम मानवशास्त्रीय/मानवजातीय कथाचित्र का 1992 का पुरस्कार **बांगला - ए गारो फेस्टीवल** को दिया गया है जिसमें मेघालय के गारो समुदाय के जीवन-ढंग को बखूबी प्रस्तुत किया गया है।

AWARD FOR THE BEST ANTHROPOLOGICAL/ ETHNOGRAPHIC FILM

WANGALA—A GARO FESTIVAL (English)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producer: **BAPPA RAY**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **BAPPA RAY**

Citation

The Award for the Best Anthropological/Ethnographic Film of 1992 is given to **WANGALA—A GARO FESTIVAL** for competently presenting the life-style of the Garo community of Meghalaya.

बप्पा रे वृत्तचित्र निर्माता हैं और जनजाति तथा जनजातीय विकास में उनकी व्यापक रुचि है। उनके कार्य में महाराष्ट्र के यायावरों और गुजरात, मेघालय, केरल तथा लदाख की जनजातियों पर फ़िल्में शामिल हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्रालय के लिए **इम्पेक्ट आफ एडल्ट एजुकेशन इन द नार्थ ईस्ट स्टेट्स** का भी निर्माण किया है।

BAPPA RAY is a documentary filmmaker with a keen interest in tribes and tribal development. His work includes films on the nomads of Maharashtra, and on tribes in Gujarat, Meghalaya, Kerala and Ladakh. He has also made **Impact of Adult Education in the North East States** for the Ministry of Education.

सर्वोत्तम जीवनी फ़िल्म पुरस्कार

पंडित भीमसेन जोशी (हिन्दी)

निर्माता: **गुलज़ार** को (फ़िल्म प्रभाग के लिए) रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **गुलज़ार** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम जीवनी फ़िल्म का 1992 का पुरस्कार **पंडित भीमसेन जोशी** को महान रागाचार्य के जीवन का हृदयस्पर्शी चित्रण करने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST BIOGRAPHICAL FILM

PANDIT BHIMSAIN JOSHI (Hindi)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producer: **GULZAR** for Films Division

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **GULZAR**

Citation

The Award for the Best Biographical Film of 1992 is given to **PANDIT BHIMSAIN JOSHI** for a moving rendering of the life of a great master of ragas.

गुलज़ार, व्यवसाय से गीतकार, पटकथाकार और निर्देशक, मूल रूप में आधुनिक संवेदनशीलता के कवि रहे हैं। वे 19वीं शताब्दी के पांचवे दशक में प्रगतिशील लेखक–आन्दोलन से सहयोजित रहे हैं। उन्होंने **आंधी, कोशिश, अचानक, किताब, मीरा, अंगूर** और **इज़ाज़त** फ़िल्मों की पटकथाएं लिखीं और निर्देशन किया। उन्हें **मौसम** के सर्वोत्तम निर्देशक का पुरस्कार, **इज़ाज़त** के सर्वोत्तम पटकथा लेखक का पुरस्कार, **उस्ताद अमजद अली खां** के लिए निर्णायक मण्डल का विशेष पुरस्कार तथा **लेकिन** के लिए सर्वोत्तम गीतकार का पुरस्कार मिला। गुलज़ार कविताओं, लघु कहानियों और एक उपन्यास के लेखक हैं।

GULZAR, a lyricist, scriptwriter and director by profession, has been basically a poet of modern sensitivity and was closely associated with the progressive writer's movement in the 1940s. He has written and directed **Aandhi, Koshish, Achanak, Kitab, Meera, Angoor** and **Ijaazat**. He won the award for the best director for **Mausam**, the award for best screenplay writer for **Ijaazat**, a special jury award for **Ustad Amjad Ali Khan** and the best lyricist award for **Lekin**. Gulzar is the author of poems, short stories and a novelette.

सर्वोत्तम कला/सांस्कृतिक फ़िल्म पुरस्कार

द रेक्लूस (हिन्दी) तथा सुचित्रा मित्रा (बंगला)

निर्माता: **अरविन्द सिन्हा** (द रेक्लूस) तथा **सैलेन सेठ** (सुचित्रा मित्रा) को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **अरविन्द सिन्हा** (द रेक्लूस) तथा **राजा सेन** (सुचित्रा मित्रा) को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कला/सांस्कृतिक फ़िल्म का 1992 का पुरस्कार **द रेक्लूस** को ध्रुपद के एक महान जीवित उस्ताद - उस्ताद अमीनुद्दीन डागर के उत्कृष्ट तथा प्रभावशाली योगदान के लिए दिया गया है।

सर्वोत्तम कला/सांस्कृतिक फ़िल्म का 1992 का पुरस्कार रवीन्द्र संगीत के सर्वश्रेष्ठ जीवित प्रतिपादक के प्रति चलचित्रीय सम्मान प्रदर्शित करने के लिए फ़िल्म **सुचित्रा मित्रा** को भी दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST ARTS/CULTURAL FILM

THE RECLUSE (Hindi) and SUCHITRA MITRA (Bengali)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producer: **ARVIND SINHA** (The Recluse) and **SAILEN SETH** (Suchitra Mitra)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **ARVIND SINHA** (The Recluse) and **RAJA SEN** (Suchitra Mitra)

Citation

The Award for the Best Arts/Cultural Film of 1992 is given to **THE RECLUSE** for a fine and moving tribute to one of the great living masters of Dhrupad—Ustad Aminuddin Dagar.

The Award for the Best Arts/Cultural Film of 1992 is also given to **SUCHITRA MITRA** for a cinematic tribute to the greatest living exponent of Rabindra sangeet.

अरविंद सिन्हा कलकत्ता विश्वविद्यालय से विज्ञान के स्नातक हैं। वे स्वतः शिक्षित फ़िल्म निर्माता हैं। उनका प्रथम वृत्तचित्र **चाऊः मास्क डांस आफ सेराईकेल्ला** था। इस फ़िल्म को बहुत अधिक पसंद किया गया और इसे लाइप्सिग अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह में आमंत्रित किया गया। **रेक्लूज़** उनकी दूसरी फ़िल्म है।

ARVIND SINHA is a graduate in science from Calcutta University. He is a self-taught filmmaker. His first documentary film was **Chau: Mask Dance of Seraikella.** The film was highly acclaimed and was invited to the Leipzig International Film Festival.

सैलेन सेठ ने नाटक में विशेष विषय लेकर रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय से आनर्स-स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। वे एक प्रसिद्ध कवि और गीतकार हैं तथा उन्होंने बंगला कविताओं की कई पुस्तकें प्रकाशित की हैं। कला तथा सांस्कृतिक कार्यों के प्रचार में लगी हुई कम्पनी, रूपोकर (इंडिया) प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक के रूप में सुचित्रा मित्रा उनकी प्रथम फ़िल्म है।

SAILEN SETH is an honours graduate from Rabindra Bharati University with drama as his special subject. He is an eminent poet and lyricist and has published several books of Bengali poems. **Suchitra Mitra** is his first film venture as managing director of Rupokar (India) Pvt. Ltd., a company engaged in propagation of arts and cultural activities.

राजा सेन ने समाज के सभी वर्गों के लिए दूरदर्शन पर राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय दोनों ही प्रसारणों के लिए फ़िल्में बनाई हैं। उन्होंने बंगला में टेलीविज़न नाटकों, धारावाहिकों तथा वृत्तचित्रों का निर्देशन किया है। उन्हें टेलीविज़न धारावाहिक **सुबर्णलता** में अपने कार्य के लिए आजकाल टेलीविज़न पुरस्कार, किशोर कुमार पुरस्कार, प्रोमोतेश बरुआ पुरस्कार तथा लायन्स क्लब पुरस्कार मिला।

RAJA SEN has created films for both national and regional telecast on Doordarshan to communicate with all strata of society. He has directed Bengali television dramas, serials and documentaries. He won the Aajkaal Television Award, the Kishore Kumar Award, the Promotesh Barua Award and the Lions Club Award for his work in the television serial **Subarnalata.**

सर्वोत्तम वैज्ञानिक फ़िल्म पुरस्कार

चुनौती (मराठी)

निर्माता: **महानिदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क, महाराष्ट्र सरकार** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **दिनकर चौधरी** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम वैज्ञानिक फ़िल्म का 1992 का पुरस्कार (पर्यावरण तथा परिस्थिति विज्ञान संबंधी फ़िल्मों सहित) फ़िल्म **चुनौती** को दिया गया है जिसमें वर्तमान युग की खतरनाक बीमारी - एड्स का समुचित ढंग से साहसिक प्रस्तुतिकरण किया गया है।

AWARD FOR THE BEST SCIENTIFIC FILM

CHUNAUTI (Marathi)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producer: **D.G. INFORMATION AND PUBLIC RELATIONS, GOVT. OF MAHARASHTRA**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **DINKAR CHOWDHARY**

Citation

The Award for the Best Scientific Film,including Environment and Ecology Film) of 1992 is given to the film **CHUNAUTI** for its daring presentation in a befitting manner of the most dangerous disease of present times—AIDS.

दिनकर चौधरी ने फ़िल्म तथा टेलीविज़न संस्थान, पुणे से पटकथा लेखन और निर्देशन में डिप्लोमा प्राप्त किया है। उन्होंने अनेक वृत्तचित्रों तथा **अकांक्षा, खजुराहो के पार** और **गिरोह** कथाचित्रों का निर्देशन किया है। फ़िल्मों से संबंधित कई संस्थाओं से उनका संबंध है और वे एक प्रसिद्ध कवि भी हैं।

DINKAR CHOWDHARY holds a diploma in screenplay writing and direction from the Film and Television Institute, Pune. He has directed a large number of documentaries and the feature films **Akanksha, Khajuraho Ke Paar** and **Girho**. He is involved in several film-related organisations and is also well known as a Hindi poet.

सर्वोत्तम पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण फ़िल्म पुरस्कार

लदाख - द फारबिडन वाइल्डरनेस (अंग्रेजी)

निर्माता: **बेदी फ़िल्म्स** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **नरेश बेदी** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण का 1992 का पुरस्कार **लदाख - द फारबिडन वाइल्डरनेस** को विश्व में सबसे अधिक ऊंचाई पर बसी सभ्यता और वन्य-जीवन की प्रामाणिक व्याख्या करने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST ENVIRONMENT/ CONSERVATION/PRESERVATION FILM

LADAKH—THE FORBIDDEN WILDERNESS (English)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producer: **BEDI FILMS**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **NARESH BEDI**

Citation

The Award for the Best Environment/Conservation/Preservation Film of 1992 is given to **LADAKH—THE FORBIDDEN WILDERNESS** for an authentic rendition of civilisation and wildlife on the roof of the world.

नरेश बेदी एक पुरस्कार विजेता निर्देशक और छायाकार हैं। वे वन्य-जीवों से संबंधित फ़िल्मों के जाने–माने निर्माता हैं। वे ब्रिस्टल में वाइल्डस्क्रीन 84 में वर्ष के सर्वोत्तम वन्य-जीव छायाकार माने गए हैं। **सेविंग द टाईगर** को वर्ष 1987 में एम्मी पुरस्कार और ब्रिटिश फ़िल्म तथा टेलीविज़न कला अकादमी पुरस्कार के लिए नामित किया गया था। बेदी को हाथी, मानवखोर चीते, एशियाई शेर और सांप पर अपनी फ़िल्मों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति मिली। वे अब लदाख क्षेत्र के दुर्लभ वन्य-जीवों पर तीन वर्षीय अध्ययन पूरा कर रहे हैं।

NARESH BEDI is an award-winning director and cameraman and a leading maker of wildlife films. He was adjudged the best wildlife cameraman of the year at Wildscreen 84 in Bristol. **Saving the Tiger** was nominated in 1987 for the Emmy Award and for the British Academy of Film and Television Arts award. Bedi has won international acclaim for his films on the elephant, the man-eating tiger, the Asiatic lion and the snake. He is now completing a three-year study on rare wildlife of the Ladakh region.

सर्वोत्तम प्रोत्साहन देने वाली फ़िल्म का पुरस्कार

साऊंड ऑफ द डाईंग कलरस (असमिया)

निर्माता: **पारन बार बरूआ, बी.बी. प्रॉडक्शन्स** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **शेर चौधरी** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम प्रोत्साहन देने वाली फ़िल्म (पर्यटन, निर्यात, क्राफ्ट्स, उद्योग आदि क्षेत्रों सहित) का 1992 का पुरस्कार **साऊंड ऑफ द डाईंग कलरस** फ़िल्म को दिया गया है क्योंकि फ़िल्म में ऐसी विलुप्त हो रही कलाओं के संरक्षण के विषय को उजागर किया गया है जो शताब्दियों से अनेक जनजातीय समुदायों में विद्यमान थीं।

AWARD FOR THE BEST PROMOTIONAL FILM

SOUND OF THE DYING COLOURS (English)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producer: **PARAN BARBAROOAH, B.B. PRODUCTIONS**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **SHER CHOUDHURY**

Citation

The Award for the Best Promotional Film (to cover tourism, exports, crafts, industry, etc.) of 1992 is given to the film **SOUND OF THE DYING COLOURS** as the film makes out a good case for preserving the arts of dyeing that have existed in many tribal communities for centuries.

खिलाड़ी के रूप में प्रसिद्ध **पारन बार बरुआ** ने वर्ष 1985 में पूर्णावधि के कथाचित्र **सुरूज** के साथ सिनेमा–जगत में प्रवेश किया , जिसे वाणिज्यिक सफलता मिली। उन्होंने **ब्रिकुदार बरुआर बिया** तथा **मोन अरण्य** टेलीविज़न धारावाहिकों का निर्माण किया। **साऊन्ड आफ द डाईंग कलरज,** उत्तर–पूर्व पर उनके द्वारा निर्मित दो फ़िल्मों में से पहली फ़िल्म है।

PARAN BARBAROOAH, well-known as a sportsman, entered the world of cinema in 1985 with the full-length feature film **Surooj**, which became a commercial success. He has produced the television serials **Brikudar Baruar Biya** and **Mon Aranya. Sound of the Dying Colours** is the first of the two documentaries he has produced on the North East.

संगीत में पारंगत **शेर चौधरी** धीरु भुयान की फ़िल्म **प्रथम रागिनी** (1987) में संगीत निर्देशक तथा मुख्य सहायक के रूप में फ़िल्मों में आए। उन्हें पूर्वी भारत चलचित्र संघ समारोहों में दो बार सर्वोत्तम संगीत निर्देशक का पुरस्कार तथा फ़िल्म **बोसोबिपो** में सर्वोत्तम संगीत निर्देशन के लिए सर्वोत्तम राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। उन्होंने **सन्स आफ़ अबोटनी** में मुख्य सहायक तथा संगीत निर्देशक के रूप में कार्य किया और **हलधर** के लिए संगीत दिया। दोनों ही फ़िल्मों को वर्ष 1991 में राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

SHER CHOUDHURY, a man of music, entered films in Dhiru Bhuyan's **Pratham Ragini** (1987) as music director and chief assistant. He has twice received the best music director's award in the Eastern India Motion Pictures Association Festivals, and the national award for best music direction in the film **Wosobipo**. He worked as chief assistant and music director in **Sons of Abotani** and scored music for **Haladhar**. Both films were national award-winners in 1991.

सर्वोत्तम कृषि फ़िल्म पुरस्कार

बेर (अंग्रेजी)

निर्माता: **ओम प्रकाश शर्मा, फ़िल्म्स प्रभाग** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **राजगोपाल राव** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कृषि फ़िल्म का 1992 का पुरस्कार भारत में शुष्क क्षेत्रों में बेर की खेती की प्रक्रिया के कुशल प्रस्तुतीकरण के लिए फ़िल्म **बेर** को दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST AGRICULTURAL FILM

BER (English)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producer: **OMPRAKASH SHARMA, FILMS DIVISION**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **RAJGOPAL RAO**

Citation

The Award for the Best Agricultural Film (to include related and allied subjects such as animal husbandry and dairying) of 1992 is given to the film **BER** for a skilful rendition of the process in the cultivation of ber in the arid zones of India.

ओमप्रकाश शर्मा ने वर्ष 1960 से फ़िल्म प्रभाग में कार्य किया है। उन्होंने 20 से भी अधिक लघु फ़िल्मों का निर्माण तथा निर्देशन किया है और तीस से भी अधिक अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं। **मार्कफ़ेड मार्चिंज़ अहेड, इरेडिकेटिंग रिंडरपेस्ट, डेजर्ट रीक्लामेशन, प्रोस्पेरिटी इन ड्राटप्रोन एरियाज़, संदेश, मेरीकल्चर, हाईड्रम, क्राफ्ट चाराक्कु** तथा **लछमी** उनकी कुछ प्रसिद्ध फ़िल्में हैं।

OMPRAKASH SHARMA, who has worked with the Films Division since 1960, has produced and directed more than 200 short films and has won over thirty international and national awards. Some of his notable films are **Markfed Marches Ahead, Eradicating Rinderpest, Desert Reclamation, Prosperity in Drought-Prone Areas, Sandesh, Mariculture, Hydrum, Craft Charakku** and **Lachhmi.**

राजगोपाल राव ने मैसूर में प्रीमियर स्टूडियों के कैमरा विभाग में कार्य किया है। उन्होंने वर्ष 1974 में सहायक कैमरामैन के रूप में फ़िल्म प्रभाग में कार्य ग्रहण किया है। कैमरामैन के रूप में उन्होंने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय समारोहों का छायांकन किया है उन्होंने तीस से भी अधिक लघु वृत्तचित्रों का निर्माण तथा निर्देशन किया है। उनमें से **एरिड होर्टिकल्चर, डक्स आऊट आफ वाटर** तथा **टेक्नीक आफ़ सीड प्रॉडक्शन** को पुरस्कार मिले हैं।

RAJGOPAL RAO worked in the camera department of Premier Studio in Mysore and joined the Films Division in 1974 as assistant cameraman. As a cameraman he covered national and international events. He directed and produced more than thirty short documentary films. Among them, **Arid Horticulture, Ducks Out of Water** and **Technique of Seed Production** have won awards.

सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फ़िल्म पुरस्कार

चूड़ियां (हिन्दी)

निर्माता: **सई परांजपे** (फ़िल्म्स प्रभाग के लिए) को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **सई परांजपे** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

मद्यनिषेध, महिलाओं, बाल-कल्याण, दहेज-विरोध, नशीले पदार्थों, विकलांग-कल्याण आदि जैसे सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फ़िल्म का 1992 का पुरस्कार फ़िल्म **चूड़ियां** को दिया गया है जिसमें अपने समुदाय के पुरुष वर्ग में शराबनोशी का विरोध करने वाले औरतों के साहस का सजीव चित्रण किया गया है।

AWARD FOR THE BEST FILM ON SOCIAL ISSUES

CHOODIYAN (Hindi)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producer: **SAI PARANJPYE** for Films Division

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **SAI PARANJPYE**

Citation

The Award for the Best Film on Social Issues such as Prohibition, Women and Child Welfare, Anti-dowry, Drug Abuse and Welfare of the Handicapped of 1992 is given to **CHOODIYAN** for portraying the courage of women in fighting alcoholism among the menfolk of the community.

सई परांजपे ने दिल्ली तथा बम्बई टेलीविज़न और बी.बी.सी. के लिए फ़िल्में बनाई हैं। उन्होंने **अंगूठा छाप, रैन बसेरा, द्राखी** तथा **द हेल्पिंग हैंड** (अंतिम नाम वाली फ़िल्म बी.बी.सी. के लिए) टेलीफ़िल्मों और **छोटे–बड़ा** तथा **ऐडोस पैडोस** धारावाहिकों का निर्देशन किया। परांजपे ने कथाचित्र **स्पर्श** (1978–79) का निर्देशन, पटकथा तथा संवाद–लेखन किया, जिसके लिए उन्हें राष्ट्रपति का स्वर्ण–पदक, दो राष्ट्रीय पुरस्कार तथा तीन फ़िल्मफेयर पुरस्कार मिले। **कथा** (1990–91) को सर्वोत्तम हिंदी फ़िल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। **दिशा** (1990–91) को भारतीय पैनोरमा के लिए चुना गया और उसे मान्ट्रियल, लंदन, फ़ुकुओका, ताईवान, केन्निस, मिलवेली, सिडनी और गोथनबर्ग में अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोहों में प्रदर्शित किया गया तथा जापान, यू.के., आस्ट्रेलिया और बेल्ज़ियम में टेलीविज़न पर दिखाया गया। फ़िल्म को केन्निस में दो पुरस्कार मिले। परांजपे ने बच्चों की फ़िल्मों और वृत्तचित्रों का भी निर्देशन किया है। उनके नाटकों को, जिनमें बच्चों के कई नाटक शामिल हैं, राष्ट्रीय और राज्य स्तर के पुरस्कार मिले हैं ।

SAI PARANJPYE has made films for Delhi and Bombay television as well as the BBC. She directed the telefilms **Angootha Chhaap, Rainbasera, Drakhi** and **The Helping Hand** (the last-named film for the BBC) and the serials **Chhote-Bada** and **Ados Pados**. The feature film **Sparsh** (1978-79), which Paranjpye directed and wrote the screenplay and dialogues for, won the President's Gold Medal, two national awards and three Filmfare awards. **Katha** (1983-84) won the national award for the best Hindi Film. **Disha** (1990-91) was selected for the Indian Panorama, was screened at international film festivals in Montreal, London, Fukuoka, Taiwan, Cannes, Mill Valley, Sydney and Gothenburg and was telecast in Japan, the United Kingdom, Australia and Belgium. The film won two awards at Cannes. Paranjpye has also directed children's films and documentaries. Her plays, including several children's plays, have won national and state awards.

सर्वोत्तम शैक्षिक/प्रेरक/शिक्षाप्रद फ़िल्म पुरस्कार

कलरिपयट (अंग्रेजी) तथा **टुवर्डज ज्वाय एंड फ्रीडम** (अंग्रेजी)

निर्माता: **पी. अशोक कुमार** (कलरिपयट) तथा **हेमन्ती बनर्जी, एच.बी. प्रॉडक्शन्स** (टुवर्डज ज्वाय एंड फ्रीडम) को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार
निर्देशक: **पी. अशोक कुमार** (कलरिपयट) तथा **हेमन्ती बनर्जी** (टुवर्डज ज्वाय एंड फ्रीडम) को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम शैक्षिक/प्रेरक/शिक्षाप्रद फ़िल्म का 1992 का पुरस्कार केरल की युद्धकला का अद्वितीय चित्रण करने के लिए फ़िल्म **कलरिपयट** को दिया गया है।
सर्वोत्तम शैक्षिक/प्रेरक/शिक्षाप्रद फ़िल्म का 1992 का पुरस्कार रवीन्द्र नाथ टैगोर के शांति निकेतन में प्रचलित शिक्षा पद्धति का निरूपण करने के लिए फ़िल्म **टुवर्डज ज्वाय एंड फ्रीडम** को दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST EDUCATIONAL/ MOTIVATIONAL/INSTRUCTIONAL FILM

KALARIPPAYAT (English) and TOWARDS JOY AND FREEDOM (English)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producer: **P. ASHOK KUMAR** (Kalarippayat) and **HAIMANTI BANERJEE, H.B. Production** (Towards Joy and Freedom)
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **P. ASHOK KUMAR** (Kalarippayat) and **HAIMANTI BANERJEE** (Towards Joy and Freedom)

Citation

The Award for the Best Educational/Motivational/Instructional Film of 1992 is given to **KALARIPPAYAT** for a unique picturisation of the martial art of Kerala.
The Award for the Best Educational/Motivational/Instructional Film of 1992 is also given to **TOWARDS JOY AND FREEDOM** for insight into the system of education being practised at Rabindranath Tagore's Shantiniketan.

पी. अशोक कुमार की अपने कालेज के दिनों से ही नाटक तथा सिनेमा में बहुत रुचि रही है। वे कैम्पस थियेटर में बहुत सक्रिय थे और उन्होंने मंच पर अभिनय भी किया। वे फ़िल्म निर्माण के कार्य में बारह वर्षों तक जुड़े रहे। **कलरिपयट** के निर्माण की तैयारी में उन्होंने कला का अध्ययन किया और केरल में व्यापक भ्रमण किया। फ़िल्म को अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, 1993 में शामिल करने हेतु भारतीय पैनोरमा के लिए चुना गया है।

P. ASHOK KUMAR showed a keen interest in drama and cinema from his college years. He was active in campus theatre and went on to act on stage. He was associated with filmmaking for twelve years. In preparation for the making of **Kalarippayat** he studie the art and travelled extensively in Kerala. The film was selected for the Indian Panorama of the 1993 international film festival.

हेमन्ती बनर्जी ने दृश्य–श्रव्य सम्प्रेषण का शिक्षण दिया है और रितविक घटक तथा सत्यजीत रे की फ़िल्मों पर भाषण दिए हैं। उन्होंने रितविक घटक पर एक मोनोग्राफ प्रकाशित किया है। 1988 से उन्होंने छः शिक्षाप्रद कार्यक्रमों तथा **गंगुते** (1990) और **यल्लमा, द मदर आफ आल** (1991) का निर्माण किया है। हेमन्ती बनर्जी ने शांति निकेतन में शिक्षा ग्रहण की है।

HAIMANTI BANERJEE has taught audiovisual communication and lectured on the films of Ritwik Ghatak and Satyajit Ray. She has published a monograph on Ritwik Ghatak. Since 1988 she has produced six educational programmes and the documentaries **Gangutai** (1990) and **Yellama, The Mother of All** (1991). Haimanti Banerjee was educated at Shantiniketan.

सर्वोत्तम गवेषण/साहसी फ़िल्म पुरस्कार

एन्टार्क्टिका - ए सांइटिस्ट पैराडाइज (अंग्रेजी) (न्यूज़ मैगजीन नं. 231)

निर्माता: **आर कृष्ण मोहन, फ़िल्म्स प्रभाग** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार
निर्देशक: **ए. उदयशंकर** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम गवेषण/साहसी फ़िल्म (खेलों सहित) का 1992 का पुरस्कार एन्टार्क्टिका के बर्फ से जमे महाद्वीप में हमारे वैज्ञानिकों के चित्रांकन के प्रभावशाली रिकार्ड के लिए **एन्टार्क्टिका - ए सांइटिस्ट पैराडाइज** को दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST EXPLORATION/ ADVENTURE FILM

ANTARCTICA—A SCIENTISTS' PARADISE (English) (News Magazine No. 321)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producer: **R. KRISHNA MOHAN, FILMS DIVISION**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **A. UDAYASHANKAR**

Citation

The Award for the Best Exploration/Adventure Film (to include sports) of 1992 is given to **ANTARCTICA—A SCIENTISTS' PARADISE** for an impressive pictorial record of achievements of our scientists on the frozen continent of Antarctica.

आर. कृष्ण मोहन ने फ़िल्म प्रभाग में कथा लेखक के रूप में फ़िल्मों में अपना सक्रिय व्यावसायिक जीवन शुरु किया। उन्होंने 1982 में फ़िल्मों का निर्देशन करना शुरु किया। उन्होंने चालीस से भी अधिक फ़िल्में बनाईं तथा साठ से भी अधिक वृत्त–चित्रों का निर्माण किया। उनकी संगीतमय फ़िल्म **त्यागब्रह्मम्** को 1990 में लघु फ़िल्मों के लिए बम्बई में हुए प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह में दिखाया गया। फ़िल्म प्रभाग में संयुक्त मुख्य निर्माता (न्यूज़रील) के रूप में आर. कृष्ण मोहन समाचार पर आधारित वृत्तचित्रों का निर्माण तथा निर्देशन करते हैं। **क्राइसिस इन श्रीलंका, गिव पीस ए चांस, टीयर्स एण्ड स्माइल्स** तथा **हम कौन हैं** उनकी कुछ अन्य फ़िल्में हैं।

R. KRISHNA MOHAN began his active career in films as a script writer in the Films Division. He began directing films in 1982. He has made over forty films and produced over sixty news documentaries. His musical film **Thyagabrahmam** was screened in the First Bombay International Film Festival for Short Films in 1990. As Joint Chief Producer (Newsreel) at the Films Division, R. Krishna Mohan produces and directs news-based documentaries. Some of his other films are **Crisis in Sri Lanka, Give Peace a Chance, Tears and Smiles** and **Hum Kaun Hai.**

ए. उदयशंकर ने छायांकन में डिप्लोमा लिया हुआ है और उन्होंने फ़िल्म प्रभाग में कैमरामैन और बाद में न्यूज़रील अधिकारी के रूप में कार्य किया है। उन्हें समाचार कवर करने का व्यापक अनुभव है। उन्हें 1983 तथा 1986 में दो बार सर्वोत्तम न्यूज़रील कैमरामैन का पुरस्कार दिया गया है।

A. UDAYASHANKAR hold a diploma in cinematography and has worked in the Films Division as cameraman and later as newsreel officer. He has wide experience in news coverage and has won the Best Newsreel Cameraman Award twice, in 1983 and in 1986.

सर्वोत्तम खोजी फ़िल्म पुरस्कार

राम के नाम (हिन्दी)

निर्माता: **आनन्द पटवर्धन** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **आनन्द पटवर्धन** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम खोजी फ़िल्म का 1992 का पुरस्कार **राम के नाम** को वर्तमान प्रमुख समस्या—सामुदायिक भेदभाव पर फ़िल्म के कुशल निर्माण के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST INVESTIGATIVE FILM

RAM KE NAAM (Hindi)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producer: **ANAND PATWARDHAN**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **ANAND PATWARDHAN**

Citation

The Award for the Best Investigative Film of 1992 is given to **RAM KE NAAM**, a skilfully made film on a major problem of the times—the communal divide.

आनन्द पटवर्धन ने बंगला देश के शरणार्थियों के लिए धन इकट्ठा करने, बिहार में गांव–स्तर पर प्रजातंत्र, 1975–77 की आपात–कालीन स्थिति के राजनैतिक कैदियों, कनाडा में फार्म श्रमिक संघ, बम्बई की गंदी बस्तियों में रहने वाले लोगों, पंजाब में रुढ़िवादी आतंक और राज्य के दमन पर वृत्तचित्र बनाए हैं। **प्रिजनर्स आफ कांशिएंस** (1979) को टाइन पुरस्कार (यू.के.) मिला। **ए टाईम टू राइज़** (1981) को सिल्वर डोव (लाइप्सिग) और टाइन पुरस्कार मिले। **बोम्बे अवर सिटी** (1985) को पेरिस में सिनेमा दु रील समारोह में निर्णायक मण्डल का विशेष पुरस्कार, सर्वोत्तम गैर कथाचित्र का राष्ट्रीय पुरस्कार और फ़िल्म फेयर पुरस्कार मिला। **इन मेमोरी आफ फ्रेन्ड्स** (1990) को बम्बई में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय वृत्तचित्र समारोह में रजत शंख मिला।

ANAND PATWARDHAN has made documentaries on fund raising for Bangladesh refugees, grassroots democracy in Bihar, political prisoners of the 1975-77 Emergency, a farm workers' union in Canada, slum-dwellers of Bombay, and fundamentalist terrorism and state repression in Punjab. **Prisoners of Conscience** (1979) won the Tyne Award (UK), **A Time to Rise** (1981) won the Silver Dove (Leipzig) and the Tyne Award, **Bombay Our City** (1985) won the Special Jury Prize at the Cinema du Reel in Paris (1986), the national award for best non-feature film, and the Filmfare Award, and **In Memory of Friends** (1990) won the Silver Conch at the Bombay International Documentary Film Festival.

सर्वोत्तम कार्टून फ़िल्म पुरस्कार

गाय की सच्चाई (हिन्दी) तथा द थ्रेडज

निर्माता: **क्लाईंब फ़िल्म्स एण्ड एन.सी.वाई.पी.** (गाय की सच्चाई) तथा **बी.आर. शेंडगे, फ़िल्म्स प्रभाग** (द थ्रेडज) को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **भीमसेन** (गाय की सच्चाई) तथा **गिरीश राव** (द थ्रेडज) को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

कार्टूनिस्ट: **भीम सेन** (गाय की सच्चाई) और **गिरीश राव** (द थ्रेडज) को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कार्टून फ़िल्म का 1992 का पुरस्कार **गाय की सच्चाई** को दिया गया है जिसमें नैतिक मूल्यों को प्रदर्शित करने के लिए रूपक का आश्रय लेकर सकुशल कथा-चित्रण किया गया है।

सर्वोत्तम कार्टून फ़िल्म का 1992 का पुरस्कार **द थ्रेडज** को भी दिया गया है, जो एकता को प्रदर्शित करने वाली एक कार्टून फ़िल्म है।

AWARD FOR THE BEST ANIMATION FILM

GAAYE KI SACHAI (Hindi) and THE THREADS

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producers: **CLIMB FILMS & N'CYP** (Gaaye ki Sachai) and **B.R. SHENDGE, FILMS DIVISION** (The Threads)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **BHIMSAIN** (Gaaye ki Sachai) and **GIRISH RAO** (The Threads)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Animators: **BHIMSAIN** (Gaaye ki Sachai) and **GIRISH RAO** (The Threads)

Citation

The Award for the Best Animation Film of 1992 is given to **GAAYE KI SACHAI** for an allegorical story skilfully told about moral values.

The Award for the Best Animation Film of 1992 is also given to **THE THREADS**, an innovative film on the theme of unity.

बी.आर. शेंडगे फिल्म प्रभाग, बम्बई में निर्माता हैं और उन्होंने विभिन्न प्रकार की लघु कार्टून फ़िल्मों की पटकथा लिखी है, उनके लिए कार्टून बनाए हैं, उनका निर्देशन किया है तथा निर्माण किया है। इस वर्ष के पुरस्कार के अलावा उन्हें दस राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। उनकी अनेक फ़िल्मों को अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति भी प्राप्त हुई है।

B.R. SHENDGE is a producer at the Films Division, Bombay, and has scripted, animated, directed and produced various types of animated short films. He has received ten national awards in addition to this year's award. Many of his films have also won international recognition.

भीमसेन ने पार्श्व कलाकार के रूप में और उसके पश्चात फ़िल्म प्रभाग में अभिन्यास कलाकार के रूप में काम किया है तथा अनेक पुरस्कार–प्राप्त वृत्तचित्रों में अपना सहयोग दिया है। जब वे प्रसाद प्रॉडक्शन्स में थे, तब उन्होंने **द क्लाइम्ब** का निर्माण किया जिसे शिकागो फ़िल्म समारोह में रजत ह्यूगो पुरस्कार मिला। उन्होंने विज्ञापन फ़िल्मों, शिक्षाप्रद फ़िल्मों, लघु फ़िल्मों तथा कथाचित्रों का निर्माण किया है।

BHIMSAIN worked as a background artist and then as a layout artist with the Films Division and contributed to several award-winning documentaries. While working with Prasad Productions, he made the film **The Climb**, which won the Silver Hugo Award at the Chicago International Film Festival. He has made ad films, educational films, short films and feature films.

गिरीश राव ने 1978 में कलाकार के रूप में फ़िल्म प्रभाग में कार्य ग्रहण करने से पूर्व प्रसिद्ध कार्टूनकार राम मोहन और भीमसेन के साथ काम किया था। उन्होंने विभिन्न विज्ञापन तथा कार्टून वृत्तचित्रों में काम किया है। उन्होंने **द लास्ट पफ़, हर्ट टू हर्ट** और **द ब्रेडज़** का निर्देशन किया और उनके लिए कार्टून बनाए।

GIRISH RAO worked with the well-known animators Ram Mohan and Bhimsain before he joined the Films Division in 1978 as an artist. He worked on various ad and animated documentary films. He has directed and animated **The Last Puff, Heart to Heart** and **The Threads.**

निर्णायक मण्डल का विशेष पुरस्कार

नूट्टअनटीनटे साक्षी (मलयालम)

निर्माता: **सलम करस्सेरी** तथा निर्देशक: **शशि भूषण** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

वर्ष 1992 का निर्णायक मण्डल का विशेष पुरस्कार फ़िल्म **नूट्टअनटीनटे साक्षी** को कालीकट, करेल के साहसी तथा देशभक्त शतवर्षीय महिदु मौलवी के हृदयस्पर्शी चित्रण के लिए दिया गया है।

SPECIAL JURY AWARD

NOOTTANTINTE SAKSHI (Malayalam)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producer **SALAM KARASSERY** and the Director **SASIBHUSHAN**

Citation

The Special Jury Award for 1992 is given to **NOOTTANTINTE SAKSHI** for a moving narrative about the courageous Maulvi patriot and centenarian Moidu Maulvi of Calicut, Kerala.

सलम करस्सेरी ने भारतीय सिनेमा और नाटक पर पांच पुस्तकें प्रकाशित की हैं। वे केरल में सुप्रसिद्ध मंच अभिनेता हैं और उन्होंने **चूहि, क्रिमनल्स, चुवन्न वितुकल, संग गानम्** और **पदिनालाम् रावु** कथाचित्रों का निर्माण किया है। **चुवन्न वितुकल** और **संग गानम्** को अनेक पुरस्कार मिले और उन्हें भारतीय पैनोरमा में तथा दूरदर्शन राष्ट्रीय नेटवर्क में दिखाया गया। **नूट्टअनटीनटे साक्षी** उनका प्रथम वृत्तचित्र है।

SALAM KARASSERY has published five books on Indian cinema and drama, is a well-known stage actor in Kerala and has acted in five Malayalam films. He produced the feature films **Chuzhi, Criminals, Chuvanna Vithukal, Sangh Ganam** and **Pathinalam Ravu. Chuvanna Vithukal** and **Sangha Ganam** won several awards and were screened in the Indian Panorama and on the national network of Doordarshan. **Noottantinte Sakshi** is his first documentary film.

शशि भूषण ने सम्प्रेषण तथा पत्रकारिता विषयों का अध्ययन किया और फुलब्राइट फैलोशिप के आधार पर साइराक्यूज़ विश्वविद्यालय (यू.एस.ए.) से टेलीविज़न फ़िल्म निर्माण में इन्टर्नशिप की परीक्षा पूरी की है। उन्होंने दूरदर्शन केंद्र, त्रिवेन्द्रम के लिए अनेक कार्यक्रमों की पटकथा लिखी और उनका प्रस्तुतीकरण किया। **नूट्टअनटीनटे साक्षी** उनकी पहली फ़िल्म है।

SASIBUSHAN studied communication and journalism and completed an internship in television production in Syracuse Univesity (USA) on a Fulbright Fellowship. He has scripted and presented several programmes for Doordarshan Kendra of Trivandrum. **Noottantinte Sakshi** is his maiden film venture.

लघु कल्पित सर्वोत्तम फ़िल्म पुरस्कार

अगर आप चाहें (हिन्दी)

निर्माता: **शहनाज़ रहीम, फ़िल्म्स प्रभाग** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **मजाहिर रहीम** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

लघु कल्पित सर्वोत्तम फ़िल्म (70 मिनट से कम समय की) का 1992 का पुरस्कार एक ऐसे ग्रामीण समुदाय की मर्मस्पर्शी कहानी के लिए **अगर आप चाहें** को दिया गया है जिसे एक कृषि विकास बैंक द्वारा समय पर दी गई प्रदत्त सहायता से नगर प्रवास-गमन के लिए रोका जा सका।

AWARD FOR THE BEST SHORT FICTION FILM

AGAR AAP CHAHEIN (Hindi)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producer: **SHAHNAZ RAHIM, FILMS DIVISION**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **MAZAHIR RAHIM**

Citation

The Award for the Best Short Fiction Film (not exceeding 70 minutes) of 1992 is given to **AGAR AAP CHAHEIN** for a moving story of a village community which has been saved from migration to a city by timely help from a bank for agricultural development.

शहनाज़ रहीम ने फ़िल्म प्रभाग के वृत्त चित्र **हैरिटेज आफ़ ज़िंक** के कार्यकारी निर्माता के रूप में अपना फ़िल्मी व्यावसायिक जीवन शुरू किया। उसके पश्चात् उन्होंने **ए जर्नी थ्रू आर्ट** तथा **इक्विपमेंट मैनेज़मेंट** का निर्माण किया। उन्होंने **और भी हैं राहें** (1987), **ताने-बाने** (1988) और **मौलाना अब्दुल कलाम आज़ाद** (1989) जैसे दूरदर्शन कार्यक्रमों तथा **जीना इसी का नाम है** (1990) के निर्माता और सहयोगी के रूप में कार्य किया है।

SHAHNAZ RAHIM started her film career as an executive producer for a Films Division documentary, **Heritage of Zinc.** She then produced **A Journey through Art** and **Equipment Management.** She has worked as producer and partner for the Doordarshan programmes **Aur Bhi Hain Raahen** (1987), **Tane-Bane** (1988) and **Maulana Abul Kalam Azad** (1989) as well as the telefilm **Jeena Isi Ka Naam Hain** (1990).

मजाहिर रहीम फ़िल्म तथा टेलीविज़न संस्थान, पुणे से सिनेमा में स्नातक हैं। उन्होंने फ़िल्म प्रभाग, भारत सरकार तथा अन्य संगठनों के चालीस वृत्तचित्रों की पटकथा लिखी है और उसका निर्देशन किया है। उन्होंने **और भी हैं राहें, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, ताने-बाने** और **द स्वार्ड आफ टीपू सुल्तान** सहित छः प्रमुख टेलीविज़न धारावाहिकों का निर्माण, संपादन और निर्देशन किया है।

MAZAHIR RAHIM is a graduate in cinema from the Film and Television Institute, Pune. He has scripted and directed forty documentaries for the Films Division, the Government of India and other organisations. He has produced, edited and directed six major television serials, including **Aur Bhi Hain Raahen, Maulana Abul Kalam Azad, Tane-Bane** and **The Sword of Tipu Sultan.**

परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम फ़िल्म पुरस्कार

सुनो बहुरानी (हिन्दी)

निर्माता: **ओमप्रकाश शर्मा, फ़िल्म्स प्रभाग** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **के. के. कपिल** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम फ़िल्म का 1992 का पुरस्कार कठपुतलियों की सहायता से परिवार-कल्याण विषय पर कुशल कथा-चित्रण के लिए **सुनो बहुरानी** को दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST FILM ON FAMILY WELFARE

SUNO BAHU RANI (Hindi)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Producer: **OMPRAKASH SHARMA, FILMS DIVISION**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director: **K.K. KAPIL**

Citation

The Award for the Best Film on Family Welfare of 1992 is given to **SUNO BAHU RANI** as it is a deftly made film with the aid of puppets on the theme of family welfare.

ओमप्रकाश शर्मा ने वर्ष 1960 से फ़िल्म प्रभाग में कार्य किया है। उन्होंने 20 से भी अधिक लघु फ़िल्मों का निर्माण तथा निर्देशन किया है और तीस से भी अधिक अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं। **मार्कफ़ेड मार्चिंज़ अहेड, इरेडिकेटिंग रिंडरपेस्ट, डेजर्ट रीक्लामेशन, प्रोस्पेरिटी इन ड्राटप्रोन एरियाज़, संदेश, मेरीकल्चर, हाईड्रम, क्राफ्ट चाराक्कु** तथा **लछमी** उनकी कुछ प्रसिद्ध फ़िल्में हैं।

OMPRAKASH SHARMA, who has worked with the Films Division since 1960, has produced and directed more than 200 short films and has won over thirty international and national awards. Some of his notable films are **Markfed Marches Ahead, Eradicating Rinderpest, Desert Reclamation, Prosperity in Drought-Prone Areas, Sandesh, Mariculture, Hydrum, Craft Charakku** and **Lachhmi.**

के. के. कपिल ने फ़िल्म प्रभाग में बत्तीस वर्षों तक विभिन्न पदों पर कार्य किया और वे संयुक्त मुख्य निर्माता के रूप में सेवानिवृत्त हुए। उस अवधि के दौरान उन्हें निर्देशक और/या निर्माता के रूप में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। उन्होंने **एन एनकाऊंटर विद फोर्सिस** का निर्माण किया, जिसे चलचित्र, कला एवं विज्ञान अकादमी द्वारा ऑस्कर पुरस्कार के लिए नामित किया गया। अब वे एक स्वतंत्र निर्माता के रूप में वृत्तचित्रों का निर्माण कर रहे हैं।

K.K. KAPIL worked in the Films Division in various capacities for over thirty-two years and retired as its Joint Chief Producer. During that time he received a number of national and international awards as director and/or producer. He produced **An Encounter with Faces,** which was nominated for an Oscar Award by the Academy of Motion Picture Arts and Sciences. He is now producing documentary films as an independent producer.

सर्वोत्तम छायांकन पुरस्कार

सौमेन्दु रे

छायाकार: **सौमेन्दु रे** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

फ़िल्म लेबोरेट्री प्रोसेसिंग: **एड-लेब बम्बई** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

गैर कथाचित्र में सर्वोत्तम छायांकन 1992 का पुरस्कार **सौमेन्दु रे** को बंगाल के भू-दृश्य के बहुरूपों तथा प्रसिद्ध गायिका सुमित्रा मित्रा के फ़िल्म चित्रांकन के लिए फ़िल्म **सुचित्रा मित्रा** में उनके कार्य के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST CINEMATOGRAPHY

SOUMENDU RAY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Cameraman: **SOUMENDU RAY**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the laboratory processing the film: **AD-LAB BOMBAY**

Citation

The Award for the Best Cinematography for a non-feature film of 1992 is given to **SOUMENDU RAY** for his work in the film **SUCHITRA MITRA** for capturing on celluloid the many moods of the Bengal landscape and picturisation of the famous singer Suchitra Mitra.

सौमेन्दु रे ने 1960 से 1984 तक सत्यजीत रे के साथ छायाकार के रूप में काम किया। उन्होंने तपन सिन्हा, तरुण मजूमदार, अर्पणा सेन और अन्य प्रसिद्ध फ़िल्म निर्देशकों के साथ भी काम किया है। इससे पूर्ण उन्हें तीन बार **अशानी संकेत, सोनार केला** तथा **शतरंज के खिलाड़ी** के लिए सर्वोत्तम छायाकार का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है।

SOUMENDU RAY worked with Satyajit Ray as cinematographer from 1960 to 1984. He also worked with Tapan Sinha, Tarun Majumdar, Aparna Sen and other eminent film directors. He has thrice before received the National Award for Best Cinematography, for **Ashani Sanket, Sonar Kella** and **Satranj ke Khelari.**

सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन पुरस्कार

संजय चटर्जी

ध्वनि आलेखक: **संजय चटर्जी** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

गैर कथाचित्र में सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन का 1992 का पुरस्कार **संजय चटर्जी** को फ़िल्म की गुणवत्ता को सुसमृद्ध करने वाले दुर्गम स्थलों के उच्चस्तरीय ध्वनि संयोजन के लिए फ़िल्म **बांगला - ए गारो फेस्टीबल** में उनके कार्य के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST AUDIOGRAPHY

SANJOY CHATTERJEE

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Audiographer: **SANJOY CHATTERJEE**

Citation

The Award for the Best Audiography in a non-feature film of 1992 is given to **SANJOY CHATTERJEE** for his work in the film **WANGALA—A GARO FESTIVAL** for a sustained standard of sound recording on difficult locations which enriches the quality of this film.

संजय चटर्जी का जन्म 1967 में कलकत्ता में हुआ था। वे युवावस्था से ही फ़िल्म निर्माण के कार्य से सहयोजित रहे हैं। उन्होंने गौतम घोष की **मोहर** पर सह ध्वनि आलेखक के रूप में कार्य किया है, जिसे सर्वोत्तम ध्वनि संयोजन का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। वे **ग्रेवन इमेज़, इन सर्च साफ इण्डियन थियेटर** तथा **पद्मा नदीर माझी**, सभी पुरस्कार-प्राप्त फ़िल्मों के ध्वनि आलेखक थे।

SANJOY CHATTERJEE was born in 1967 in Calcutta. He has been associated with filmmaking from a young age. He worked as associate recordist on Goutam Ghose's **Mohor,** which won the national award for best audiography. He was recordist for **Graven Image, In Search of Indian Theatre** and **Padma Nadir Majhi,** all award-winning films.

सर्वोत्तम सम्पादन पुरस्कार

के.आर. बोस

सम्पादक: **के.आर. बोस** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

गैर कथाचित्र में सर्वोत्तम सम्पादन का 1992 का पुरस्कार **के.आर. बोस** को फ़िल्म **कलरिपयट** में लय और गीत के कुशल संयोजन तथा कठिन दृश्य-क्रमों के कुशल सम्पादन के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST EDITING

K.R. BOSE

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Editor: **K.R. BOSE**

Citation

The Award for the Best Editing of a non-feature film of 1992 is given to **K.R. BOSE** for his work in the film **KALARIPPAYAT** for deft cutting of difficult sequence which makes it possible to maintain the rhythm and tempo of the film.

के. आर. बोस ने जी. अरविंदन द्वारा निर्मित पांच कथाचित्रों तथा ग्यारह वृत्तचित्रों का संपादन किया है। उन्होंने जिन अन्य पुरस्कार-प्राप्त फ़िल्मों का संपादन किया है, उनके नाम हैं—**रिवरज़ आफ़ केरला, कलामण्डलम कृष्णन नायर, पंचवाद्यम, देवगृह्म** और **कलामण्डलम कृष्णमूर्ति पोडुवाल**। उन्होंने **अर्पणा, ग्रीष्मम्, अमणम्किली** और **सम्वल सरन्गल** कथाचित्रों का भी संपादन किया है।

K.R. BOSE has edited five feature films and eleven documentaries made by G. Aravindan, many of which have won awards. Other award-winning documentaries he has edited are **Rivers of Kerala, Kalamandalam Krishnan Nair, Panchavadyam, Devagriham** and **Kalamandalam Krishnankutty Poduval.** He has also edited the feature films **Aparna, Greeshmam, Savidham, Ammanamkili** and **Samvalsarangal.**

पुरस्कार जो नहीं दिए गए

गैर कथाचित्र निर्णायक मण्डल ने सर्वोत्तम एतिहासिक पुनर्निर्माण/संकलन फ़िल्म का पुरस्कार नहीं दिया।

AWARD NOT GIVEN

The Non-Feature Film Jury did not give the award for the Best Historical Reconstruction/Compilation Film

सिनेमा लेखन पुरस्कार

Awards for Writing on Cinema

सिनेमा पर सर्वोत्तम पुस्तक पुरस्कार

आवारा (अंग्रेजी)

लेखिका: **गायत्री चटर्जी** को स्वर्ण कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार
प्रकाशक: **विले ईस्टर्न लि.** को स्वर्ण कमल तथा 10,000/- रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सिनेमा पर वर्ष 1992 का सर्वोत्तम पुस्तक पुरस्कार **गायत्री चटर्जी** को उनकी पुस्तक **आवारा** के लिए दिया गया है। उनकी यह रचना व्यक्तिगत तथा सामाजिक दोनों स्तरों पर फ़िल्म आवारा की व्याख्या का एक अनूठा प्रयास है। पुस्तक के माध्यम से हमें नए स्वतंत्र भारत के सामाजिक तथा आर्थिक ताने-बाने की एक सटीक झांकी मिलती है। इस दृष्टि से इस प्रयास को राजकपूर की कलात्मक संवेदना का सहज विस्तार कहा जा सकता है।

AWARD FOR THE BEST BOOK ON CINEMA

AWARA (English)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Author: **GAYATRI CHATTERJEE**
Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Publisher: **WILEY EASTERN LTD.**

Citation

The Award for the Best Book on Cinema of 1992 is given to **AWARA** by Gayatri Chatterjee. Her work is a novel experiment, which analyses the film in depth both at a personal and at a social level. What emerges is a clear reflection of the socio-economic fabric of a newly independent India. The book can be rightly termed an extension of Raj Kapoor's artistic sensibilities.

1986 में एन.एफ.ए.आई. संकाय का सदस्य बनने से पूर्व **गायत्री चटर्जी** ने कई वर्षों तक फ़िल्म तथा फ़िल्म-स्तुति की शिक्षा ग्रहण की। वे विस्कान्सिन विश्वविद्यालय (यू.एस.ए.) में अतिथि संकाय सदस्य भी बनीं और सारे देश में पाठ्यक्रमों की शिक्षा दी। उन्होंने हार्वर्ड फ़िल्म विद्यालय में काम किया जहां उन्होंने रितविक घटक की फ़िल्मों पर एक पुस्तक तैयार की तथा दक्षिणी कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कली में भाषण दिए। **आवारा**, विली ईस्टर्न द्वारा तैयार किए गए तीन मोनोग्राफों में से प्रथम है।

GAYATRI CHATTERJEE studied film and film appreciation for several years before she became a member of the NFAI faculty in 1986. She also became a guest faculty member at the University of Wisconsin (USA) and taught courses all over the country. She worked at the Harvard Film School preparing a book on the films of Ritwik Ghatak and lectured at the University of Southern California and at Berkeley. **Awara** is the first of three one-film monographs commissioned by Wiley Eastern.

दिलीप कश्यप ने ब्लैकी एण्ड सन (इंडिया) लि. में आठ वर्ष कार्य किया और 1984 में उन्होंने विली ईस्टर्न लि. में संवर्धन अधिकारी के रूप में कार्य ग्रहण किया। अब वे विशेष परियोजना प्रभाग के संपादक तथा मंडल प्रबंधक हैं जिसमें शैक्षिक वीडियो फ़िल्मों, क्षेत्रीय भाषाओं में साक्षरता-उपरांत सामग्री, प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम तथा सिनेमा संगीत और अभिनय संबंधी कलाओं की साहित्यिक सामग्री के वितरण का कार्य किया जाता है। **आवारा** उस श्रृंखला का एक भाग है जिसे विली लोकप्रिय साहित्य के रूप में भारतीय सिनेमा की मुख्य धारा को बढ़ावा देने के लिए विकसित कर रहा है।

DILIP KASHYAP worked with Blackie and Son (India) Ltd. for eight years and joined Wiley Eastern Ltd. as promotional manager in 1984. He is now Editor and Divisional Manager of the Special Projects Division, which looks after the distribution of educational video films, post-literacy material in regional languages, material for the Adult Education Programme and literature on cinema, music and the performing arts. **Awara** is part of a series Wiley is developing to promote popular literature on Indian mainstream cinema.

सर्वोत्तम फ़िल्म समीक्षक पुरस्कार

सुधीर बोस

समीक्षकः **सुधीर बोस** को स्वर्ण कमल तथा 10,000/- रूपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

वर्ष 1992 का सर्वोत्तम फ़िल्म समीक्षक पुरस्कार **सुधीर बोस** को दिया गया है। श्री बोस का लेखन समाचार पत्रों या पत्रिकाओं की समीक्षा के सामान्य दायरों के परे है। उनके विश्वासों की दृढ़ता उनके फ़िल्म लेखन में भारत ही नहीं विश्व सिनेमा में भी प्रांतीय और जातीय आयामों की गहराइयां मापने में सहायक है। वे भारतीय सिनेमा पर लिखें अथवा हंगारियन या अमेरिका सिनेमा पर, श्री बोस के लेखों में एक दुलर्भ अनुभूति का बोध होता है।

AWARD FOR THE BEST FILM CRITIC

SUDHIR BOSE

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Critic: **SUDHIR BOSE**

Citation

The Award for the Best Film Critic of 1992 is given to **SUDHIR BOSE.** His writings go beyond newspaper or magazine journalism. His courage of conviction helps him to reflect most authentically the regional and ethnic sensibilities of cinema across the globe. Whether it be Indian cinema or Hungarian or even American, Mr. Bose's articles portray a rare kind of perception.

सुधीर बोस एक ऐसे स्वतंत्र फ़िल्म समीक्षक हैं जिन्होंने राष्ट्रीय समाचारपत्रों तथा प्रतिष्ठित फ़िल्म पत्रिकाओं के लिए लिखा है। उन्होंने एक फ़िल्म पत्रिका का सम्पादन, प्रकाशन और मुद्रण किया है। वे केंद्रीय फ़िल्म प्रमाणीकरण बोर्ड के दिल्ली सलाहकार पैनल और शैक्षिक फ़िल्मों के मूल्यांकन के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग पैनल के सदस्य हैं। बोस को ब्रिटिश परिषद और फ्रांस सरकार की छात्रवृत्तियां प्राप्त हुईं और संयुक्त राष्ट्र अध्यापन-कार्य मिला। वे दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद भगत सिंह कालेज में अंग्रेजी के रीडर हैं।

SUDHIR BOSE is a freelance film critic who has written for national newspapers and prestigious film periodicals. He has edited, published and printed a film journal and has sat on the Delhi Advisory Panel of Central Board of Film Certification and the UGC panel for evaluating educational films. Bose has held British Council and French Government scholarships and a United Nations teaching assignment. He is Reader in English at the Shaheed Bhagat Singh College, University of Delhi.

कथासार: कथाचित्र

Synopses: Feature Films

अंगार

हिंदी/रंगीन/160 मिनट

निर्माता/निर्देशक: के. शशिलाल नायर **पटकथा लेखक:** सुनीत सेन **मुख्य अभिनेता:** जैकी श्रॉफ **मुख्य अभिनेत्री:** डिम्पल कपाड़िया **सह-अभिनेता:** नाना पाटेकर **सह-अभिनेत्री:** नीना गुप्ता **बाल कलाकार:** आशीर्वाद शिंदे **छायाकार:** ईश्वर बिरदी **ध्वनि आलेखक:** विजय भोपे **संपादक:** वाहन गुरु : **कला निर्देशक:** आर. वर्मन **संगीत निर्देशक:** लक्ष्मीकांत प्यारे लाल **पार्श्व गायक:** एस.पी. बालासुब्रह्मणियम **पार्श्व गायिका:** लता मंगेशकर **गीत:** आनंद बख्शी **नृत्य कलाकार:** चिन्नी प्रकाश, कमल, फरहा खान **वेश-भूषा डिज़ाइनर:** अन्ना सिंह **विशेष प्रभाव:** के. शशिलाल नायर

जग्गू एक बेरोज़गार स्नातक है जो बम्बई में अपने मध्यवर्गीय माता-पिता के साथ रहता है। माजिद खान, जो एक अपराधी वर्ग के सरगना का बेटा है, उस जायदाद को हथियाना चाहता है, जिसपर जग्गू का घर बना हुआ है। घेटो के नवयुवक संगठित हो जाने और अपने घर बचाने का फैसला करते हैं। खान और उसके आदमी जग्गू और उसके दोस्तों पर काबू पा लेते हैं और उन्हें वापिस भेज देते हैं, परन्तु जग्गू अपना बदला लेने के लिए वापिस आता है।

ANGAAR

Hindi/colour/160 min.

Producer/Director: K. Sashilaal Nair **Screenplay Writer:** Sujit Sen **Leading Actor:** Jackie Shroff **Leading Actress:** Dimple Kapadia **Supporting Actor:** Nana Patekar **Supporting Actress:** Neena Gupta **Child Artiste:** Ashirwad Shinde **Cinematographer:** Ishwar Bidri **Audiographer:** Vijay Bhope **Editor:** Wahan Guru **Art Director:** R. Varman **Music Director:** Laxmikant Pyarelal **Male Playback Singer:** S.P. Balasubramaniam **Female Playback Singer:** Lata Mangeshkar **Lyrics:** Anand Bakshi **Choreographers:** Chinny Prakash, Kamal, Farha Khan **Costume Designer:** Anna Singh **Special Effects:** K. Sashilaal Nair

Jaggu is an unemployed graduate living in Bombay with his middle-class parents. Majid Khan, son of an underworld don, wants to acquire the property on which Jaggu's ghetto stands. The ghetto youths decide to unite and fight to keep their home. The Khans overcome Jaggu and his friends and manage to send him away, but Jaggu returns to take his revenge.

अंकुरम

तेलुगु/रंगीन/30 मिनट
निर्माता: के. वी सुरेश कुमार **निर्माता/पटकथा लेखक:** सी. उमामहेश्वर राव **मुख्य अभिनेता:** शरत बाबू **मुख्य अभिनेत्री:** रेवती **सह-अभिनेता:** बलोआ, ओमपुरी **सह-अभिनेत्री:** माधुरी **ध्वनि आलेखक:** मधु अम्बत **संपादक:** के. रवीन्द्र बाबू **कला निर्देशक:** रमन **संगीत निर्देशक:** हंसलेखा **पार्श्व गायक:** एस.पी. बालासुब्रह्मणियम **पार्श्व गायिका:** चित्रा **गीत:** श्रीवेल्ला सीताराम शास्त्री **वेश-भूषा डिज़ाइनर:** कौंडिया **नृत्य कलाकार:** शिवा सुब्रह्मणियम **विशेष प्रभाव:** हज़ीम

ससुराल जाते समय ट्रेन-यात्रा में सिंदूरा को सत्यम् एक बेबी को उठाने के लिए कहता है और वह रेलवे स्टेशन से ही गायब हो जाता है। जब उसके गंतव्य स्थान पर उसका पति रघु उससे मिलता है तो बच्चे को देखकर हैरान हो जाता है। उसकी मां बच्चे को वापिस लौटा देने पर दबाव डालती है। सिंदूरा और रघु, सत्यम् की तलाश करते हैं। उन्हें पुलिस तथा अन्य अधिकारियों द्वारा रोका जाता है जो सत्यम् की गलत गिरफ़्तारी तथा उस पर किए गए जुल्म को छिपाना चाहते हैं।

रघु, सिंदूरा को तलाक देना चाहता है, जो अपने पिता के घर लौटती है और उसे उनका समर्थन मिलता है। उसके पिता तथा उसका वकील सत्यम् की खोज में निकलते हैं और इस बात का पता लगा लेते हैं कि वह अपने गांव से क्यों भागा था—उसकी पत्नी की हत्या तथा पुलिस अधिकारियों द्वारा उसको तंग करना। अंत में उनकी सहायता करने के लिए एक ऐसा व्यक्ति सामने आता है जिसने अपनी बेटी को गुंडों द्वारा जिंदा जलाते हुए देखा था और जिसके लिए अपराधियों के खिलाफ गवाही देने के लिए कोई भी व्यक्ति आगे नहीं आया था।

ANKURAM

Telugu/colour/130 min.

Producer: K.V. Suresh Kumar **Director/Screenplay Writer:** C. Umamaheshwara Rao **Leading Actor:** Sarat Babu **Leading Actress:** Revathi **Supporting Actors:** Balaoah, Om Puri **Supporting Actress:** Madhuri **Child Artiste:** Maghana **Cinematographer:** Madhu Ambat **Editor:** K. Ravindrababu **Art Director:** Ramana **Music Director:** Hamsalekha **Male Playback Singer:** S.P. Balasubramaniam **Female Playback Singer:** Chitra **Lyrics:** Sirivella Seetarama Sastry **Costume Designer:** Kondiah **Choreographer:** Siva Subrahmanyam **Special Effects:** Hazeem

Sindhura, on her train journey to her in-laws' house, is given a baby to hold by Satyam, who disappears in a railway station. When her husband Raghu meets her at her destination he is surprised to see the child. His mother insists that the child be returned. Sindhura and Raghu start on a search for Satyam. They are hampered by police and other officials who are covering up the wrongful arrest and torture of Satyam.

Raghu seeks to divorce Sindhura, who returns to her father and wins his support. Her father and her lawyer track down Satyam and discover what made him flee his village—the murder of his wife and harassment from police officials. They are finally helped in their case by an official who has seen his daughter burnt alive by hooligans and no one come forward to bear witness against the criminals.

भगवद् गीता

संस्कृत/रंगीन/150 मिनट
निर्माता: टी. सुब्बारामी रेड्डी **निर्देशक/पटकथा लेखक:** जी. वी. अय्यर **मुख्य अभिनेता:** राघवेन्द्र **मुख्य अभिनेत्री:** नीना गुप्ता **सह-अभिनेता:** गोपी मनोहर **सह-अभिनेत्री:** मीना राव **छायाकार:** मधु अम्बत **ध्वनि आलेखक:** के. एस कृष्णमूर्ति **संपादक:** नौजुंडा स्वामी **कला निर्देशक:** पी. कृष्णमूर्ति **संगीत निर्देशक/पार्श्व गायक:** बालामुरली कृष्ण **पार्श्व गायिका:** वाणी जयरमन **गीत:** बन्नांजे गोविंदाचार्य **वेश-भूषा डिज़ाइनर:** कल्पना अय्यर **विशेष प्रभाव:** वेन्की

भगवद् गीता कुरुक्षेत्र की रणभूमि में कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया संदेश है।

फ़िल्म में एतिहासिक कौरव-पात्रों और उनके साथियों की इच्छा, क्रोध, लालच, सम्मोहन, घमण्ड, प्रतिशोध तथा पांचों ज्ञानेंद्रियों के गुणों का चित्रण किया गया है। उनके विपरीत पांडवों के गुण-धर्मपरायणता, शक्ति, एकाग्रता, सच्चाई और धैर्य आदि संतुलित हैं। द्रोपदी एक ऐसी अकेली शक्ति है जो उन्हें अपने संघर्ष में मार्गदर्शन देती है और कृष्ण ब्राह्मंडीय शक्ति हैं।

फ़िल्म में नश्वर मानव की यात्रा को स्वतः बोध के अंतिम उद्देश्य की ओर ले जाने का सफल प्रयास किया गया है। उस बोध से, अर्जुन जो पहले भय की बेचैनी से निश्चल थे, पुनः कार्यवाही के लिए सक्रिय हो जाते हैं।

BHAGAVAD GITA

Sanskrit/colour/150 min.

Producer: T. Subbarami Reddi **Director/Screenplay Writer:** G.V. Iyer **Leading Actor:** Raghavendra **Leading Actress:** Neena Gupta **Supporting Actor:** Gopi Manohar **Supporting Actress:** Meena Rao **Cinematographer:** Madhu Ambat **Audiographer:** K.S. Krishna Murthy **Editor:** Naujunda Swamy **Art Director:** P. Krishnamurthy **Music Director/Male Playback Singer:** Balamurali Krishna **Female Playback Singer:** Vani Jayaraman **Lyrics:** Bannanje Govindacharya **Costume Designer:** Kalpana Iyer **Special Effects:** Venki

The Bhagavad Gita is the message of Krishna to Arjuna on the battlefield of Kurukshetra.

The film depicts the historical Kaurava characters and their allies as the qualities of desire, anger, greed, fascination, pride, revenge and the five senses. Balanced against them are the qualities represented by the Pandavas—righteousness, strength, concentration, truth and equanimity. Draupadi is the individual energy that guides them in their struggle, and Krishna is the cosmic energy. The film traces the mortal being's travel towards the ultimate goal of self-realisation. With that realisation, Arjuna, who was at first immobilised by anxiety and fear, swings back into action.

चेलुवी

हिंदी/रंगीन/102 मिनट

निर्माता: सादिर मीडिया प्रा. लि. **निर्देशक/पटकथा लेखक:** गिरीश कर्नाड **मुख्य अभिनेता:** प्रशांत राव **मुख्य अभिनेत्री:** सोनाली कुलकर्णी **सह-अभिनेत्री:** गार्गी याक्कुंडी **छायाकार:** राजीव मेनन **ध्वनि आलेखक:** एस.पी. रामनाधन **संपादक:** सुरेश उर्स : **कला निर्देशक/विशेष प्रभाव:** जायू नचिकेत, साबु सिरील **संगीत निर्देशक:** भास्कर चंदावरकर **पार्श्व गायक:** सुरेश वाडकर **पार्श्व गायिका:** कविता कृष्णामूर्ति **गीत:** वसंत देव **वेश-भूषा डिज़ाइनर:** जायू नचिकेत

चेलुवी एक ग्रामीण बाला है जो अपने आपको एक फूलों के वृक्ष में बदल सकती है। जब वह वृक्ष बन जाती है, तो उसकी बहन फूल इक्ट्ठे कर लेती है और उसके बाद उसे पुन: मानव शरीर में बदलने के लिए उस पर पानी छिड़कती है। उसके पश्चात् वे दोनों फूल बेचती हैं और इस प्रकार अपना जीवन बसर करती हैं। कुमार चेलुवी से शादी करता है और उसके रहस्य का पता लगा लेता है।

कुमार की बहन श्यामा को भी फूलों की जिज्ञासा होती है और वह चेलुवी को वृक्ष में बदल जाने के लिए बाध्य करती है। श्यामा और उसकी सभी सहेलियां फूल तोड़ लेती हैं परंतु वे वृक्ष की शाखाएं भी तोड़ देती हैं। चेलुवी आधी मानव और आधी वृक्ष की ठूंठ रह जाती है। बाद में कुमार को वृक्ष की ठूंठ मिल जाती है, जो चेलुवी को लेकर पुन: जंगल में जाता है ताकि टूटी और गायब शाखाएं उसे वापिस मिल सकें। परंतु उन्हें यह देखकर बड़ी हैरानी हुई कि सारा जंगल काटकर उस की जगह एक महल बना दिया गया है।

CHELUVI

Hindi/colour/102 min.

Producer: Sadir Media Pvt. Ltd. **Director/Screenplay Writer:** Girish Karnad **Leading Actor:** Prashant Rao **Leading Actress:** Sonali Kulkarni **Supporting Actress:** Gargi Yakkundi **Cinematographer:** Rajiv Menon **Audiographer:** S.P. Ramanadhan **Editor:** Suresh Urs **Art Directors/Special Effects:** Jayoo Nachiket, Sabu Cyril **Music Director:** Bhaskar Chandavarkar **Male Playback Singer:** Suresh Wadkar **Female Playback Singer:** Kavita Krishnamoorthy **Lyrics:** Vasant Dev **Costume Designer:** Jayoo Nachiket

Cheluvi can turn into a flowering tree. When she becomes a tree, her sister gathers the flowers and then makes her human again. They sell the flowers and make a living. Kumar marries Cheluvi and worms her secret out of her. His sister Shyama is also curious about the flowers and forces Cheluvi to turn herself into a tree. Shyama and all her friends pluck the flowers, but they also break the branches of the tree. Cheluvi becomes a half-human tree stump.

The stump is eventually found by Kumar, who goes back to the woods with Cheluvi to recover the broken and missing branches. But they find that the whole forest has been cleared to build a palace.

दामिनी

हिंदी/रंगीन/168 मिनट

निर्माता: सिने युग **निर्देशक/पटकथा लेखक:** राजकुमार संतोषी **मुख्य अभिनेता:** ऋषि कपूर **मुख्य अभिनेत्री:** मीनाक्षी शेषाद्री **सह-अभिनेता:** सन्नी देओल **छायाकार:** ईश्वर बिरदी **ध्वनि आलेखक:** राकेश रंजन **संपादक:** वी. एन मायेकर : **कला निर्देशक:** बिजोन दास गुप्ता **संगीत निर्देशक:** नदीम श्रवण **पार्श्व गायक:** कुमार शानु **पार्श्व गायिका:** साधना सरगम, अल्का यान्निक **नृत्य कलाकार:** रवीन्द्र अति बद्धि, पप्पू खन्ना

शेखर एक शक्तिशाली उद्योगपति का बेटा है जो दामिनी से शादी करता है, जो एक सत्यनिष्ठ महिला है। उसका अपने ससुराल के लोगों द्वारा अक्सर अनादर किया जाता है। वह परिवार में एक अपराध होते हुए देखती है और अपनी अंर्तात्मा तथा अपने पति के प्रति अपने लगाव में से किसी एक को चुनने का संघर्ष करती है। इस संघर्ष में उसकी अंर्तात्मा की जीत होती है और वह अपना घर छोड़ देती है। दामिनी अपने पति के परिवार और उनके व्यापारिक दुश्मनों के बीच शक्ति के गंदे खेल में फंस जाती है। वकील, गोविंद जो स्वयं भी भ्रष्टाचार का शिकार है, दामिनी से सहानुभूति करता है और न्याय के लिए उसके साथ संघर्ष में शामिल हो जाता है।

DAMINI

Hindi/colour/168 min.

Producer: Cineyug **Director/Screenplay Writer:** Raj Kumar Santoshi **Leading Actor:** Rishi Kapoor **Leading Actress:** Meenakshi Sheshadri **Supporting Actor:** Sunny Deol **Cinematographer:** Ishwar Bidri **Audiographer:** Rakesh Ranjan **Editor:** V.N. Mayekar **Art Director:** Bijon Das Gupta **Music Director:** Nadeem Shravan **Male Playback Singer:** Kumar Shanu **Female Playback Singers:** Sadhna Sargam, Alka Yagnik **Lyrics:** Sameer **Choreographers:** Rabindra Atibudhi, Pappu Khanna

Shekhar, son of a business tycoon, marries Damini, a woman of integrity. She is often belittled by her in-laws. She witnesses a crime in the family and struggles to choose between her conscience and her attachment to her husband. Her conscience wins and she leaves his house. Damini gets caught in a messy power game between her husband's family and their business rivals. The lawyer Govind, himself tainted by corruption, sympathises with Damini and joins her fight for justice.

एक होता विदूषक

मराठी/रंगीन/145 मिनट
निर्माताः एन.एफ.डी.सी. **निर्देशकः** जब्बार पटेल **पटकथा लेखकः** पी. एल. देशपांडे **मुख्य अभिनेताः** लक्ष्मीकांत बर्डे **मुख्य अभिनेत्रीः** मधु कंबिकर **सह-अभिनेताः** दिलीप प्रभावलकर, नीलू फुले **सह-अभिनेत्रीः** वर्षा उसगांवकर **बाल कलाकारः** असीम देशपांडे, हीमानी पाध्ये **छायाकारः** हरीश जोशी **ध्वनि आलेखक/पार्श्व गायकः** रवीन्द्र साठे **संपादकः** अनिल विश्वास **कला निर्देशकः** सुधीर सासे **संगीत निर्देशकः** आनन्द मोडक **पार्श्व गायिकाः** आशा भौंसले **गीतः** एन. डी. महानोर **नृत्यकारः** लक्ष्मीबाई कोल्हापुरकर **वेश-भूषा डिज़ाइनरः** संजय पवार

अब्बूराव लोक रंगमंच के एक लोकप्रिय विदूषक हैं जिसका मज़ाक अक्सर शक्तिशाली लोगों के खिलाफ़ होता है। वह अभिनेत्री मेनका को मिलता है और सुभद्रा को पीछे छोड़कर, सिनेमा-जगत में चला जाता है। अब्बूराव के स्कूल का पुराना दोस्त गुणवंत, जो अब मुख्यमंत्री बन गया है, उसका शोषण करता है। वह तब तक गुणवंत के राजनैतिक खेल में फंसा रहता है जब तक कि एक दिन उसका पुराना परामर्शदाता उसे यह याद नहीं कराता कि वह कहां से आया है और वह अपने पीछे क्या छोड़ आया है।

अब्बू राव सुभद्रा को ढूंढने वापिस जाता है और अपनी पुत्री जय को मिलता है। यह बच्चा, एकमात्र ऐसा व्यक्ति है जो उसके मसखरेपन से नहीं हंसता। उसकी मुस्कान पाने के लिए, वह हंसी-खुशी के सामान्य व्यवसाय में लौट आता है।

EK HOTA VIDUSHAK

Marathi/colour/145 min.

Producer: NFDC **Director:** Jabbar Patel **Screenplay Writer:** P.L. Deshpande **Leading Actor:** Laxmikant Berde **Leading Actress:** Madhu Kambikar **Supporting Actors:** Dilip Prabhawalkar, Neelu Phule **Supporting Actress:** Varsha Usgaonkar **Child Artistes:** Aseem Deshpande, Heemani Padhye **Cinematographer:** Harish Joshi **Audiographer/Male Playback Singer:** Ravindra Sathe **Editor:** Anil Vishwas **Art Director:** Sudhir Sase **Music Director:** Anand Modak **Female Playback Singer:** Asha Bhosle **Lyrics:** N.D. Mahanor **Choreographer:** Laxmibai Kolharpurkar **Costume Designer:** Sanjay Pawar

Aburao is a popular clown of the folk theatre whose humour is often directed against the powerful. He meets the actress Menaka and turns to the world of cinema, leaving behind Subadra. Aburao is exploited by his old schoolmate Gunwant, who has become chief minister. He is drawn into Gunwant's political games until one day his old mentor reminds him where he came from and what he has left behind.

Aburao goes back to find Subadra and meets their daughter Jai. The child is the only one who does not smile at his antics. In winning a smile from her, he pursues a simpler form of happiness.

इलेक्ट्रिक मून

अंग्रेजी/रंगीन/101 मिनट
निर्माता: एस. एस. बेदी **निर्देशक/संपादक:** प्रदीप कृष्ण **पटकथा लेखक/कला निर्देशक:** अरुणधति राय **मुख्य अभिनेता:** रोशन सेठ **मुख्य अभिनेत्री:** लीला नायडू **सह-अभिनेता:** नसीरुद्दीन शाह

मध्य भारत में किसी जंगल में एक लॉज में, तात्कालिक भारतीय अनुभव देखने को मिलता है। आसानी से निगल ली जाने वाली एक खुराक को आसवित किया जाता है। यहां पर पैसे वाले पर्यटक, असली परंतु प्रबंध देखने वाले महाराजा और उसके परिकरों से मेलजोल बढ़ा सकते हैं और फ़ीस चुका कर एक शक्तिशाली राजपूत रक्षक के साथ चीतों की खोज कर सकते हैं और उनकी तस्वीरें खींच सकते हैं। राजा जीवन-यापन के लिए अपनी कुल परंपरा तथा अपने आपको (सदा के लिए, उस औरत को जो उसके टेन्ट में आती है) बेच देता है।

इस प्रकरण में रामभुज गोस्वामी प्रकट होते हैं जो चिकने, भ्रष्टाचारी और मध्य वर्ग से संबंध रखते हैं। वे नए पार्क निदेशक हैं और कुछ वृक्ष बेचना चाहते हैं। वे भी राजा के प्रतिशोधी बन जाते हैं।

ELECTRIC MOON

English/colour/101 min.

Producer: S.S. Bedi **Director/Editor:** Pradip Krishen **Screenplay Writer/Art Director:** Arundhati Roy **Leading Actor:** Roshan Seth **Leading Actress:** Leela Naidu **Supporting Actor:** Naseeruddin Shah

In a jungle lodge in Central India, the instant Indian experience is available, distilled into one easy-to-swallow dose. Here the moneyed tourists can hobnob with a genuine though impoverished maharaja and his retinue, track tigers, and have their picture taken, for a fee, with a giant Rajput guard. The raja sells his heritage and himself (literally, at times, to the women who visit him in his tent) to make a living.

Into this parade storms Rambhuj Goswami, oily, corrupt and middle class. He is the new park director and he wants to sell some trees. He also turns out to be the raja's nemesis.

हरकेया कुरि

कन्नड़/रंगीन/135 मिनट

निर्माता/वेशभूषा डिज़ाइनर: बी. वी. राधा **निर्देशक:** ललिता रवि **पटकथा लेखक:** सुरेशा बी. **मुख्य अभिनेता:** प्रकाश राय **मुख्य अभिनेत्री:** गीता **सह-अभिनेता:** एच. जी. सोमशेखर राव **छायाकार:** के. एस. कृष्णमूर्ति **संपादक:** सुरेश उर्स **कला निर्देशक:** जान देवराज **संगीत निर्देशक:** विजया भास्कर **पार्श्व गायक:** आनन्त वेद्यनाथन **गीत:** सुरेशा बी, चन्द्रशेखर काम्बरा

सरोजा और प्रकाश एक मध्यवर्गीय पत्नी-पति हैं, दोनों कामकाज़ी हैं, जो एक निर्जन स्थान पर बने घर में रहते हैं और एक दूसरे को बहुत चाहते हैं। उस घर का इस्तेमाल, विरोधी दल के नेता, रुद्रप्प भी करते हैं, जोकि अपने ही दल के एक नेता की हत्या करा देते हैं ताकि उससे वह सहानुभूति की हवा को अपने पक्ष में कर सकें। सिडलिंगु हत्यारा है और वह प्रकाश के घर में उस समय शरण लेता है जब सरोजा घर में अकेली होती है। वह सरोजा को सारी घृणित कहानी बताता है।

धीरे-धीरे सरोजा और प्रकाश को रुद्रप्पा के दूरगामी भ्रष्टाचार से अपना संतोषजनक और सुखी जीवन दूषित नज़र आने लगा।

HARAKEYA KURI

Kannada/colour/135 min.

Producer/Costume Designer: B.V. Radha **Director:** Lalitha Ravee **Screenplay Writer:** Suresha B. **Leading Actor:** Prakash Rai **Leading Actress:** Geetha **Supporting Actor:** H.G. Somashekhara Rao **Cinematographer:** R. Manjunatha **Audiographer:** K.S. Krishna Murthy **Editor:** Suresh Urs **Art Director:** John Devraj **Music Director:** Vijaya Bhaskar **Male Playback Singer:** Ananth Vaidyanathan **Lyrics:** Suresha B., Chandrashekhara Kambara

Saroja and Prakash are a middle-class couple, both working, who live in an isolated house, absorbed in each other. The same house is used by Rudrappa, a political leader of the opposition, who stages the assassination of a leader of his own party so that he can exploit the sympathy wave that follows. Sidlingu is the assassin, and he takes shelter in Prakash's house when only Saroja is at home. He tells Saroja the whole sordid story.

Gradually Saroja and Prakash find their contented, insulated life infected by Rudrappa's far-reaching corruption.

जीवन चैत्रा

कन्नड़/रंगीन/165 मिनट
निर्माता: परवतम्मा राजकुमार **निर्देशक:** बी. दोरैराज, एस. के. भगवान **पटकथा लेखक/गीत:** उदयशंकर **मुख्य अभिनेता/ पार्श्व गायक:** डा. राजकुमार **मुख्य अभिनेत्री:** माधवी **सह-अभिनेता:** के.एस.अस्वत **सह-अभिनेत्री:** पंडारी बाई **छायाकार:** एस.वी. श्रीकान्त **ध्वनि आलेखक:** मेनन **संपादक:** भक्तवत्सलम **कला निर्देशक:** नसीर **संगीत निर्देशक:** उपेन्द्र कुमार **पार्श्व गायिका:** मंजुला गुरुराज **नृत्य कलाकार:** उडिपि बी. जयराम **वेशभूषा डिज़ाइनर:** पुनीत राजकुमार

जोदीदार विश्वनाथ ने अपने गांव और आस-पास के गांवों का एक आदर्श समुदाय बनाया। उसकी पत्नी मीनाक्षी उसके विचारों का समर्थन करती है। उनके तीन बेटे हैं जो अपने माता-पिता के मूल्यों का आदर नहीं करते। मीनाक्षी इस गम से मर जाती है और विश्वनाथ, मानसिक संतुलन खो बैठता है, और तीर्थयात्रा पर चला जाता है।

जब वह लौटता है वह देखता है कि उसने जो अच्छे काम किए थे उसके पुत्रों ने उन्हें बिगाड़ दिया है। वह उन्हें फटकारता है और उन्हें अपनी गलती सुधारने के लिए कहता है, परन्तु एक शराबी सामंत और उसके साथी उसका विरोध करते हैं। वह उनसे निपटता है और गांव में सुख-समृद्धि पुन: वापिस लाता है।

JEEVANA CHAITRA

Kannada/colour/165 min.

Producer: Parvathamma Rajkumar **Directors:** B. Dorairaj, S.K. Bhagwan **Screenplay Writer/Lyrics:** Udayashankar **Leading Actor/Male Playback Singer:** Dr. Rajkumar **Leading Actress:** Madhavi **Supporting Actor:** K.S. Aswath **Supporting Actress:** Pandari Bai **Cinematographer:** S.V. Srikanth **Audiographer:** Menon **Editor:** P. Bhakthavathsalam **Art Director:** Naseer **Music Director:** Upendra Kumar **Female Playback Singer:** Manjula Gururaj **Choreographer:** Udipi B. Jayaram **Costume Designer:** Puneeth Rajkumar

Jodidar Vishwanath has made a model community of his village and the surrounding villages. His wife Meenaxi keeps up his ideals. They have three sons who do not respect their parents' values. Meenaxi dies of grief and Vishwanath, bereft of mental peace, goes on a pilgrimage.

When he returns he finds all his good works undone by his sons. He reprimands them and tries to rectify their mistakes, but is opposed by a liquor baron and his allies. He overcomes them and brings back prosperity to his village.

माया मेमसाब

हिंदी/रंगीन/169 मिनट

निर्माता निर्देशकः केतन मेहता **पटकथा लेखकः** सीतान्शु यशचन्द्र, केतन मेहता **मुख्य अभिनेताः** फारुख शाह **मुख्य अभिनेत्रीः** दीपा साही **सह-अभिनेताः** राज बब्बर, शारुक खान, रघुवीर यादव **बाल अभिनेताः** मनीश नागपाल **छायाकारः** अनूप जोतवाणी **ध्वनि आलेखकः** इन्द्रजीत नियोगी **संपादकः** रेणू सलूजा **कला निर्देशकः** मीरा, आशीष लाखिया **संगीत निर्देशकः** हृदयनाथ मंगेशकर **पार्श्व नायकः** कुमार शानु, हृदयनाथ मंगेशकर **पार्श्व नायिकाः** लता मंगेशकर **गीतः** गुलज़ार **वेशभूषाः** मोनिका दत्ता

माया जवान, सुंदर और गंभीर है। हवेली के ह्रासोन्मुख और सामन्त जीवन के अकेलेपन ने उनके मन में उठने वाली इच्छाओं और मोहभ्रमों से उसके मस्तिष्क को बहुत ही अधिक कमज़ोर बना दिया है। उसकी ये इच्छाएं उसे एक युवा डाक्टर की ओर खींच ले जाती हैं।शुरू में, नया जीवन प्रारम्भ करने का जोश और विवाह की ओर उसका झुकाव उसे सुख का बोध देता है परन्तु धीरे-धीरे उसके अस्तित्व की ऊब उसे पुनः प्रभावित करती है। वह उपन्यासों तथा फ़िल्मों, भौतिक फ़िजूलखर्ची और अन्य पुरुष गमन के मोहभ्रमों में पड़ जाती है, जो उसके वैवाहिक जीवन को तुच्छ बना देते हैं।

MAYA MEMSAAB

Hindi/colour/169 min.

Producer/Director: Ketan Mehta **Screenplay Writers:** Sitanshu Yashchandra, Ketan Mehta **Leading Actor:** Farouque Sheikh **Leading Actress:** Deepa Sahi **Supporting Actors:** Raj Babbar, Shahruk Khan, Raghuvir Yadav **Child Artiste:** Manish Nagpal **Cinematographer:** Anoop Jotwani **Audiographer:** Indrajeet Neogi **Editor:** Renu Saluja **Art Directors:** Meera, Ashish Lakhia **Music Director:** Hridaynath Mangeshkar **Male Playback Singers:** Kumar Shanu, Hridaynath Mangeshkar **Female Playback Singer:** Lata Mangeshkar **Lyrics:** Gulzar **Costume Designer:** Monica Dutta

Maya is young, beautiful and enigmatic. The isolation of her decadent and feudal life spawns an intensely inward-looking mind teeming with desires and illusions. These desires attach themselves to a young doctor.

Initially, the excitement of starting a new life and the trappings of marriage make her euphoric, but gradually the monotony of her existence reasserts itself. She turns to the illusions of novels and movies, material extravagance, and adultery, which soon becomes as banal as marriage.

मिस बेटीज चिल्ड्रन

अंग्रेजी/रंगीन/112 मिनट

निर्माता: एन.एफ.डी.सी. ,दूरदर्शन, रुक्स ए.वी. (इंडिया), सितमा लिवोर्नो (इटली) **निर्देशक:** पामेला रुक्स **पटकथा लेखक:** पामेला रुक्स, जेम्स किल्लफ **मुख्य अभिनेता:** डी. डब्ल्यू. मोफेट **मुख्य अभिनेत्री:** जेनी सीग्रव **सह-अभिनेता:** बैरी जॉन, ऋतुराज **सह-अभिनेत्री:** फेथ ब्रुक, प्रतिमा बेदी **बाल कलाकार:** नओमी सूदरलैंड **छायाकार:** वेणु **ध्वनि आलेखक:** श्तान डेविस **संपादक:** रेणू सलूजा **कला निर्देशक:** जाकिर हुसैन **वेश-भूषा डिज़ाइनर:** रोमा ल्वाज़ो, इस्सी सेन्डरसन

फ़िल्म 1936 में दक्षिण भारत में बनाई गई। जेन बेटी, स्कूल में एक आदर्श अंग्रेजी शिक्षका है और वह माबेल फार्सटर के साथ काम करती हैं जो देवालयों में वेश्यावृत्ति के लिए बेची जाने वाली युवतियों को बेचने से बचाने के लिए एक समर्पित मिशनरी है। एक देवालय की वरिष्ठ महिला, कमला देवी मोबेल की सबसे बड़ी विरोधी है। मोबेल की अनुपस्थिति में, एक एन्गलो इंडियन लड़की को उसकी आंटी द्वारा एक देवालय को बेचा जा रहा था। जेन उस लड़की को बचा लेती है। वह अपना नया जीवन शुरु करती है तथा अलन चान्डलर नाम का एक अमरीकी डाक्टर उसका दोस्त बन जाता है। वे प्रेमी बन जाते हैं। चान्डलर की मृत्यु हो जाती है। जेन अपने बच्चों के साथ भारत में ही रहती है।

MISS BEATTY'S CHILDREN

English/colour/112 min.

Producers: NFDC, Doordarshan, Rooks AV (India), Sitma Livorno (Italy) **Director:** Pamela Rooks **Screenplay Writers:** Pamela Rooks, James Killough **Leading Actor:** D.W. Moffet **Leading Actress:** Jenny Seagrove **Supporting Actors:** Barry John, Rituraj **Supporting Actresses:** Faith Brook, Protima Bedi **Child Artiste:** Naomi Sutherland **Cinematographer:** Venu **Audiographer:** Stan Davis **Editor:** Renu Saluja **Art Director:** Vinod Guruji **Music Director:** Zakir Hussain **Costume Designers:** Roma Loiseau, Issy Sanderson

The film is set in South India, in 1936. Jane Beatty, an idealistic English school teacher, works with Mabel Forster, a missionary devoted to saving young girls from being sold into temple prostitution. Mabel's main antagonist is Kamla Devi, a senior temple woman. In Mabel's absence, an Anglo-Indian girl is about to be sold to the temple by her aunt. Jane rescues the child. She begins a new life.

She finds a friend in Alan Chandler, an American doctor. They become lovers. When war breaks out, Chandler is killed. Jane stays on in India with her children.

मुझसे दोस्ती करोगे

हिन्दी/रंगीन/100 मिनट
निर्माता: राष्ट्रीय बाल एवं युवा चलचित्र केंद्र **निर्देशक/पटकथा लेखक:** गोपी देसाई **मुख्य अभिनेता:** अमित फाल्के **सह-अभिनेता:** दीप्ति दवे **छायाकार:** अशोक मेहता **ध्वनि आलेखक:** इन्द्रजीत नियोगी **संपादक:** रेणू सालूजा **कला निर्देशक:** प्रमोद गुरुजी, विनोद गुरुजी **संगीत निर्देशक गीत:** इला अरुण **वेश-भूषा डिज़ाइनर:** शुतापा शिकदर

भारत-पाकिस्तान सीमाक्षेत्र के निकट, रेगिस्तान में बने हुए झुगियों के एक झुंड में आठ वर्ष का बालक गुलु अपनी बहन, माता-पिता और दादा के साथ रहता है। उसके दादा की कहानियां और गीत गुल्लु की सजीव कल्पनाओं को उत्तेजित करते हैं, जिससे वह कभी विजेता सिकन्दर का भरोसेमंद कमाण्डर बन जाता है और कभी सीमा सुरक्षा अधिकारी बन जाता है जो तस्करों को पकड़ता है।

जब गुलु अपनी ख्याली दुनिया के अन्दर-बाहर भटक रहा होता है तो वह गंभीर सूखा-स्थिति के बारे में सुनता है। उसकी बहन की शादी हो जाती है और वह चली जाती है। उसे यह समझ आती है कि बड़े-बूढ़े हमेशा सच नहीं बोलते और ख्याली किले कभी नहीं बनते।

MUJHSE DOSTI KAROGE

Hindi/colour/100 min.

Producer: National Centre of Films for Children and Young People **Director/ Screenplay Writer:** Gopi Desai **Leading Actor:** Amit Phalke **Supporting Actress:** Dipti Dave **Cinematographer:** Ashok Mehta **Audiographer:** Indrajit Neogi **Editor:** Renu Saluja **Art Directors:** Pramod Guruji, Vinod Guruji **Music Director/Lyrics:** Ila Arun **Costume Designer:** Sutapa Sikdar

In a desert-bound cluster of huts, close to the Indo-Pakistan border, lives eight-year-old Gulu with his sister, parents and grandfather. His grandfather's stories and songs fire Gulu's vivid imagination, so that sometimes he is the conquering Alexander's trusted commander, sometimes a border security officer rounding up smugglers.

As Gulu strays in and out of his fantasies, he learns about the wicked hunchback Drought. His sister gets married and goes away. He learns that adults don't always speak the truth, nor do daydreams come true.

नींग नल्ला इरुक्कणम

तमिल/रंगीन/140 मिनट

निर्माता: जी.वी. फ़िल्म्स लि. **निर्देशक/पटकथा लेखक:** वेणु **मुख्य अभिनेता:** निहलगल रवि **मुख्य अभिनेत्री:** बानू प्रिया **सह-अभिनेता:** विशु **सह-अभिनेत्री:** मनोरमा **छायाकार:** एन. बालाकृष्णन **ध्वनि आलेखक:** जे.जी. मणिकम **संपादक:** गणेश कुमार **कला निर्देशक:** सुंदरराजन **संगीत निर्देशक:** एम.एस. विश्वनाथन **पार्श्व गायिका:** चित्रा **गीत:** एन. कमारासन, मुत्तुलिंगम **नृत्य कलाकार:** पूलियूर सरोजा **वेशभूषा डिज़ाइनर:** बाबू

अंजलि, एक गांव की लड़की है जो एक शराबी, मणिकम से इस आशा से शादी कर लेती है कि वह शादी के बाद उसके तौर-तरीके बदल लेगी। परन्तु मणिकम शराब पीना जारी रखता है, उसकी नौकरी छूट जाती है। वह अपनी पत्नी के आभूषण चुरा लेता है और अपने माता-पिता तथा पत्नी की भर्त्सनाओं की ओर कोई ध्यान नहीं देता। जब उसकी मां एक दुर्घटना में लगी आग से मर जाती है तो वह कसम खाता है कि वह शराब को हाथ नहीं लगाएगा, परन्तु तब तक वह बहुत बीमार हो चुका होता है।

मणिकम का ज़िगर और अग्न्याशय खराब हो जाता है और उसे केवल संतुक्त राज्य में उपचार के द्वारा बचाया जा सकता है। अंजलि गलियों में भीख मांग कर पैसा इकट्ठा करती है और दान की सहायता से विशेष कर मुख्य मंत्री के दान से मणिकम को ठीक कर लिया जाता है।

जब वे भारत वापिस आते हैं तो मणिकम पुन: शराब पीने लगता है और अंजलि आत्महत्या कर लेती है। इससे गांव की औरतों का सामूहिक विरोध उठ खड़ा होता है तथा पुरुष वर्ग मृत शरीर के सामने झुक कर कसम खाते हैं कि वे शराब को कभी हाथ नहीं लगाएंगे।

NEENGA NALLA IRUKKANUM

Tamil/colour/140 min.

Producer: G.V. Films Ltd. **Director/ Screenplay Writer:** Visu **Leading Actor:** Nizhalgal Ravi **Leading Actress:** Banupriya **Supporting Actor:** Visu **Supporting Actress:** Manorama **Cinematographer:** N. Balakrishnan **Audiographer:** J.J. Manickam **Editor:** Ganesh Kumar **Art Director:** Sundararajan **Music Director:** M.S. Viswanathan **Male Playback Singer:** S.P. Balasubramaniam **Female Playback Singer:** Chitra **Lyrics:** N. Kamarasan, Muthulingam **Choreographer:** Puliyoor Saroja **Costume Designer:** Babu

Anjalai, a village girl, marries Manickam, a drunkard, hoping she can mend his ways after marriage. But Manickam continues to drink, losing his job, stealing his wife's jewellery, and defying his parents' and wife's reproaches. When his mother dies in an accidental fire he vows that he will not touch liquor, but by then he is very ill.

Manickam is found to have a damaged liver and pancreas and can only be saved by treatment in the United States. Anjalai scrapes up the money by begging in the streets and with the help of donations, especially from the chief minister, and Manickam is cured.

When they come back to India, Manickam gets drunk again and Anjalai kills herself. This shocks the village women into a mass protest and the men vow in a body never to touch liquor.

पद्मा नदीर माझी

बंगला/रंगीन/135 मिनट

निर्माता: पश्चिम बंगाल सरकार

निर्देशक/पटकथा/लेखक/छायाकार/संगीत निर्देशक: गौतम घोष **मुख्य अभिनेता:** रसूल इस्लाम अशाद **मुख्य अभिनेत्री:** रुपा गांगूली **सह-अभिनेता:** उत्पल दत्त **सह-अभिनेत्री:** चम्पा **बाल कलाकार:** इशान घोष **ध्वनि आलेखक:** अनूप मुखर्जी **संपादक:** मलय बनर्जी **कला निर्देशक:** अशोक बोस **पार्श्व गायक:** किरणचन्द्र राय **गीत:** सुनील गांगूली **वेश-भूषा डिज़ाइनर:** नीलंजना घोष **विशेष प्रभाव:** प्रसाद प्रॉडक्शन

फ़िल्म का घटनास्थल महान् नदी पद्मा है। इसके पात्र मांझी हैं जो अपने जीवित रहने के लिए इसके खतरनाक पानी को चुनौती देते हैं।

हुसैन मियां के पास एक बड़ी कार्गो किश्ती तथा मोयना है, जोकि नदी डेल्टा में एक एकान्त महाद्वीप है। महाद्वीप पर जंगल साफ करने के लिए उसने गांव के लोग किराए पर लिए हैं।

एक दिन महाद्वीप एक निवासी, गांववासियों को महाद्वीप से होने वाले खतरे, उसकी मुसीबतों तथा उसके उजड़ने के संबंध मे बताता है। जब तूफान में कुबेर की नौका खो जाती है तो वह मियां के पास काम करने लगता है और मोयना को अपना ही समझता है। जब वह वापिस आता है तो वह एक बदला हुआ व्यक्ति होता है। वह अपने पड़ोसियों का विरोध करता है तथा अपनी साली के प्रेम में अंधा हो जाता है। अन्त में उसे महाद्वीप में भाग जाने के लिए बाध्य होना पड़ता है और वह अपनी साली को साथ ही ले जाता है।

PADMA NADIR MAJHI

Bengali/colour/135 min.

Producer: Govt. of West Bengal **Director/ Screenplay Writer/ Cinematographer/ Music Director:** Goutam Ghose **Leading Actor:** Raisul Islam Ashad **Leading Actress:** Rupa Ganguly **Supporting Actor:** Utpal Dutt **Supporting Actress:** Champa **Child Artiste:** Ishan Ghose **Audiographer:** Anup Mukherjee **Editor:** Moloy Banerjee **Art Director:** Ashoke Bose **Male Playback Singer:** Kiran Chandra Roy **Lyrics:** Sunil Ganguly **Costume Designer:** Neelanjana Ghose **Special Effects:** Prasad Production

The locale of the film is the mighty river Padma. Its characters are the boatmen who challenge its dangerous waters for survival.

Hossain Miyan owns a large cargo boat and Moyna, a remote island in the river delta. He has hired people from the village to clear the forests on the island. One day a settler from the island tells the villagers the danger, hardship and desolation that it holds. When Kuber loses his boat in a storm he works for Miyan and sees Moyna for himself. When he returns, he is a changed man. He antagonises his neighbours and becomes infatuated with his sister-in-law. Finally he is forced to run away to the island and takes his sister-in-law with him.

पसंदा पंडित

बंगला/रंगीन/130 मिनट

निर्माता/वेशभूषा डिज़ाइनर: रतना सेन **निर्देशक/पटकथा/लेखक:** सिबप्रसाद सेन **मुख्य अभिनेता:** सुमित्रा चटर्जी **मुख्य अभिनेत्री:** अन्सुया मज़ूमदार **सह-अभिनेता:** अरुण बंधोपाध्याय **सह-अभिनेत्री:** तृष्णा चक्रवर्ती **बाल कलाकार:** चित्रांगदा बसु **छायाकार:** तरुण दत्ता **संपादक:** उज्जल नदी **कला निर्देशक:** प्रसाद मित्रा **संगीत निर्देशक:** अलोक नाथ डे **पार्श्व गायक:** देवव्रत बिसवास **पार्श्व गायिका:** इन्द्राणी सेन **गीत:** रवीन्द्र नाथ टैगोर

एक पांडित्यपूर्ण विद्वान तथा शिक्षक, प्रशान्त भट्टाचार्य का उसके तीखे स्वभाव के कारण, नाम बिगड़ कर पसंदा पंडित हो गया है, जो अपने छात्रों को निर्दयी दिखाई देता है। वह जमींदार के बेटे सुरेन चक्रवर्ती को पढ़ाने के लिए अपना मूल गांव छोड़ देता है। वह शहर में अध्यापन कार्य शुरु करता है तथा प्रतिमा से शादी कर लेता है। परन्तु प्रतिमा जल्दी ही मर जाती है और अपने पीछे छः वर्षीय बेटी, सबीता को छोड़ जाती है।

वह अपनी बेटी के लिए दूसरी शादी करने की सोचता है परन्तु उसके पड़ोसी उसे गलत समझते हैं। काम पर भी उसे तंग किया जाता है।

पसंदा अपनी नौकरी से इस्तीफ़ा दे देता है और अपने गांव लौट आता है, जहां वह महिलाओं के लिए एक स्कूल चलाता है। इसी बीच, ज़मीदार का बेटा गांव के चुनाव में खड़ा होता है और वह पसंदा का समर्थन चाहता है। पसंदा आत्महत्या करना चाहता है परन्तु सबीता नई हिम्मत के साथ जीवन-यापन करने के लिए उसे मना लेती है।

PASANDA PUNDIT

Bengali/colour/130 min.

Producer/Costume Designer: Ratna Sen **Director/Screenplay Writer:** Sibaprasad Sen **Leading Actor:** Soumitra Chatterjee **Leading Actress:** Anasua Mazumder **Supporting Actor:** Arun Bandopadhyay **Supporting Actress:** Trishna Chakraborty **Child Artiste:** Chitrangada Basu **Cinematographer:** Tarun Dutta **Audiographer:** Sanjay Mukherjee **Editor:** Ujjal Nandy **Art Director:** Prasad Mitra **Music Director:** Aloke Nath Dey **Male Playback Singer:** Debabrata Biswas **Female Playback Singer:** Indrani Sen **Lyrics:** Rabindranath Tagore

Prasanta Bhattacharya, an erudite scholar and a sincere teacher, is nicknamed Pasanda Pundit for his exacting nature, which appears cruel to his students. He leaves his native village rather than tutor the son of Suren Chakraborty the zamindar. He takes up teaching in the city and marries Pratima. But Pratima dies young, leaving a six-year-old daughter, Sabita.

He contemplates a second marriage for the sake of his daughter, but his neighbours misunderstand him and he is driven out of the community. He is also humiliated at work.

Prasanta resigns his job and returns to the village, where he begins to run a school for women. Meanwhile, the zamindar's son is now contesting the village elections and wants Prasanta's support. Prasanta refuses and the candidate wreaks a cruel revenge. Prasanta contemplates suicide, but Sabita convinces him to face life with new vigour.

रेलर-अलिर-दुबारी-बोन

असमिया/रंगीन/99 मिनट
निर्माता/निर्देशक/पटकथा लेखक: पुलक गोगोई **मुख्य अभिनेता:** अमिताभ गोगोई **मुख्य अभिनेत्री:** दीपिका शर्मा **सह-अभिनेता:** उपाकुल बार्डोलोई **छायाकार:** आजन बरुआ **संपादक:** पराग **संगीत निर्देशक/गीत:** दशरथ दास **पार्श्व गायक:** कुमार शानु **पार्श्व गायिका:** कविता कृष्णामूर्ति

कार्तिक, एक मोटर मैकेनिक है, जो रेखा से प्रेम करने लगता है, जिसकी मां फुलकन की गृह-स्वामिनी है। एक बार वह रेखा को फुलकन से बचाता है। एक दिन जब कार्तिक और उसके साथी मैकेनिक आगामी चुनावों पर चर्चा कर रहे होते हैं, जिसमें फुलकन उम्मीदवार है, कार्तिक फुलकन के खिलाफ़ अपनी राय बताता है। एक अन्य मैकेनिक, जो फुलकन का समर्थक है, कार्तिक के खिलाफ़ फुलकन को सूचना देता है। फुलकन,कार्तिक पर हमला करता है और फुलकन अपने ड्राईवर को कहता है कि वह अचेतन अवस्था में ही उसे सड़क पर छोड़ दे। परन्तु रेखा चुपके से जीप में से खिसक जाती है और वह और ड्राईवर मिल कर उसे एक सुरक्षित स्थान पर ले जाते हैं।

यद्यपि वह उसकी सहायता के लिए कृतज्ञ है, कार्तिक महसूस करता है कि संसार में उसके जीने का कोई मतलब नहीं रह गया है, जहां उसे कुचला जा सकता है। वह रेल की पटड़ियों पर लेट जाता है।

RELAR ALIR DUBARI BON

Assamese/colour/99 min.

Producer/Director/Screenplay Writer: Pulak Gogoi **Leading Actor:** Amitabh Gogoi **Leading Actress:** Dipika Sarma **Supporting Actor:** Upakul Bordoloi **Cinematographer:** Ajan Barua **Audiographer:** Hiranya Bhattacharya **Editor:** Prag **Music Director/Lyrics:** Dasarath Das **Male Playback Singer:** Kumar Sanu **Female Playback Singer:** Kavita Krishnamoorthy

Kartik, a motor mechanic, falls in love with Rekha, whose mother is mistress to Phukan. On one occasion he protects Rekha from Phukan's harassment. One day, when Kartik and his fellow mechanics are discussing the coming election which Phukan is contesting, Kartik expresses his opinions against Phukan. Another mechanic, a supporter of Phukan, informs against Kartik. Kartik is attacked by Phukan and Phukan tells his driver to leave Kartik's unconscious body on the road. But Rekha sneaks into the vehicle and she and the driver take him to safety.

Although he is grateful for their help, Kartik feels there is no point in living in a world where he can be trampled on. He lies down on the railway tracks.

रोजा

तमिल/रंगीन/137 मिनट

निर्माता: कवितालय प्रॉडक्शान्स **निर्देशक/पटकथा लेखक:** मणि रतनम् **मुख्य अभिनेता:** अरविंद स्वामी **मुख्य अभिनेत्री:** मधुबाला **सह-अभिनेता:** पंकज कपूर **सह-अभिनेत्री:** वैष्णवी **छायाकार:** सन्तोष शिवन **ध्वनि आलेखक:** वी.एस. मूर्ति, लक्ष्मी नारायणन **संपादक:** सुरेश उर्स **कला निर्देशक:** थोत्ता थरानी **संगीत निर्देशक:** ए.आर. रहमान **पार्श्व गायक:** एस. पी. बालासुब्रह्मणियम **पार्श्व गायिका:** चित्रा **गीत:** वैरमुथु **नृत्य कलाकार:** सुंदरम **वेश-भूषा डिज़ाइनर:** एस.एम. नयीम **विशेष-प्रभाव:** सेतू

ऋषि कुमार एक कम्पयूटर-वैज्ञानिक तथा देशभक्त हैं। वह और उसकी पत्नी रोजा कश्मीर जाते हैं, जहां ऋषि को कूट खोलने का काम करना है। आतंकवादियों द्वारा उसका अपहरण कर लिया जाता है। आतंकवादी, ऋषि कुमार के बदले में अपने चीफ़, वसीम खान को छोड़ने की मांग करते हैं। रोजा के प्रयत्नों के कारण, सरकार एक-दूसरे को बदलने के लिए राज़ी हो जाती है। इसी बीच, ऋषि अपने बंदीकर्ताओं को बताता है कि वह एक आतंकवादी के बदले में छूटने पर सहमत नहीं होगा । जब वसीम खान को विनिमय-स्थान पर लाया जाता है, तो ऋषि अपने बंदीकर्ताओं के कब्जे से निकल भागता है। वसीम खां के डिप्टी, लियाकत के साथ एक झड़प में वह लियाकत को मनवा लेता है, और वह अपनी हार मान लेता है तथा ऋषि को जाने देता है।

ROJA

Tamil/colour/137 min.

Producer: Kavithalayaa Productions **Director/Screenplay Writer:** Mani Ratnam **Leading Actor:** Arvindswamy **Leading Actress:** Madhubala **Supporting Actor:** Pankaj Kapoor **Supporting Actress:** Vaishnavi **Cinematographer:** Santosh Sivan **Audiographers:** V.S. Murthy, Lakshminarayanan **Editor:** Suresh Urs **Art Director:** Thotta Tharani **Music Director:** A.R. Rahman **Male Playback Singer:** S.P. Balasubramaniam **Female Playback Singer:** Chitra **Lyrics:** Vairamuthu **Choreographer:** Sundaram **Costume Designer:** S.M. Nayeem **Special Effects:** Sethu

Rishi Kumar and his wife Roja go to Kashmir, where Rishi is abducted by militants. The militants demand the release of their chief Wasim Khan in exchange for Rishi Kumar. Roja pleads with the police, the army and even Wasim Khan for her husband's safe return. Because of her efforts, the government agrees to the exchange.

Meanwhile, Rishi is telling his captors that he will not agree to be released in exchange for a militant. When Wasim Khan is brought to the place of exchange, Rishi excapes from his captors. In an encounter with Liaquat, Wasim Khan's deputy, he convinces Liaquat, who accepts defeat and lets Rishi go.

रुदाली

हिंदी/रंगीन/120 मिनट
निर्माता: एन.एफ.डी.सी., दूरदर्शन **निर्देशक:** कल्पना लाज़मी **पटकथा लेखक/गीत:** गुलज़ार **मुख्य अभिनेता:** राज बब्बर **मुख्य अभिनेत्री:** डिम्पल कपाड़िया **सह-अभिनेता:** अमजद खां **सह- अभिनेत्री:** राखी, गुलजार **बाल कलाकार:** सिद्धार्थ भार्गव **छायाकार:** संतोष शिवन, धर्म गुलाटी **ध्वनि आलेखक:** अश्विन बलसावर **संपादक:** भानुदर दिवाकर **कला निर्देशक:** समीर चन्दा **संगीत निर्देशक/पार्श्व गायक:** भूपेन हज़ारिका **पार्श्व गायिका:** लता मंगेशकर, आशा भौंसले **नृत्य कलाकार:** भूषण लखानदरी **वेशभूषा डिज़ाइनर:** माला डे, सिम्पल कपाड़िया

शनिचरी जब बच्ची ही थी तो उसकी मां उसे छोड़ देती है। फिर भी, वह रो नहीं पाती। स्थानीय ज़मींदार, राम अवतार सिंह, बीमार है और वह रुदाली या व्यावसायिक सियापा करने वाली औरत, भिकनी को बुला भेजता है। जब भिकनी जमींदार के मरने का इंतज़ार करती है तो वह शनिचरी के पास ठहरती है। पहली बार शनिचरी अपनी मुसीबतों के बारे में बताती है। भिकनी उसके न रो सकने पर हैरान होती है और यह कहती है कि वह उसे रुदाली बना देगी। तब, उसे बुलाया जाता है। कुछ दिनों के बाद, शनिचरी को पता चलता है कि भिकनी मर गई है और वह

उसकी मां थी। जब जमींदार मरता है, तो भिकनी की तलाश में एक संदेशवाहक आता है। शनिचरी उसके स्थान पर जाती है और उसके मर जाने की अनुभूति उसे रुदाली बना देती है।

RUDALI

Hindi/colour/120 min.

Producer: NFDC, Doordarshan **Director:** Kalpana Lajmi **Screenplay Writer/Lyrics:** Gulzar **Leading Actor:** Raj Babbar **Leading Actress:** Dimple Kapadia **Supporting Actor:** Amjad Khan **Supporting Actress:** Rakhee Gulzar **Child Artiste:** Siddhartha Bhargava **Cinematographers:** Santosh Sivan, Dharam Gulati **Audiographer:** Ashwin Balsawar **Editor:** Bhanudar Divkar **Art Director:** Samir Chanda **Music Director/Male Playback Singer:** Bhupen Hazarika **Female Playback Singers:** Lata Mangeshkar, Asha Bhosle **Choreographer:** Bhushan Lakhandari **Costume Designers:** Mala Dey, Simple Kapadia

Sanicheri's mother abandoned her and her husband died, yet she is unable to weep. The local landlord is ill and sends for a **rudali** or professional mourner, Bhikni. While Bhikni is waiting for him to die she stays with Sanicheri. For the first time Sanicheri tells her troubles. Bhikni is amazed at Sanicheri's inability to weep but declares that she will make her a **rudali.** She is then called away. A couple of days later Sanicheri learns that Bhikni has died and that she was her mother. When the landlord dies, a messenger comes looking for Bhikni. Sanicheri goes in her place. The realisation of her loss makes her a **rudali.**

सद्यम

मलयालम/रंगीन/165 मिनट
निर्माता: सैवन आर्ट्स फ़िल्म्स **निर्देशक:** शिबी मलयिल **पटकथा लेखक:** एम. टी. वासुदेवन नायर **मुख्य अभिनेता:** मोहनलाल **मुख्य अभिनेत्री:** मधु **सह-अभिनेत्री:** के.पी.ए.सी. ललिता **बाल कलाकार:** कावेरी, चैतन्य **छायाकार/नृत्यकलाकार:** आनंद कुट्टन **ध्वनि आलेखक:** सम्पत ए.वी.एम.आर.आर. **संपादक:** एल. भूमिनाथन **कला निर्देशक:** कृष्णन कुट्टी **संगीत निर्देशक:** जॉनसन **वेश-भूषा डिज़ाइनर:** वज्रमणि

सत्यनाथन एक सज़ा-प्राप्त हत्यारा है जो फांसी पर चढने का इंतज़ार कर रहा है। अनेक पूर्व दृश्यों के द्वारा फ़िल्म में उसकी पुरानी कहानी का पता लगता है। सत्यनाथन अपनी जारज़ता के बार में लोगों के तानों से बचने के लिए घर से भाग जाता है। उसका भरण-पोषण फादर डोमिनिक करते हैं जो उन्हें स्कूल में दाखिल कराते हैं तथा उसकी कलात्मक योग्यताओं को प्रोत्साहित करते हैं। सत्यनाथन होर्डिन्स का पेंटर बन जाता है तथा कालीकट चला जाता है। उसके पड़ोस में दो वेश्याएं रहती हैं जो अपनी तीन युवा भतीजियों को अपने व्यवसाय में लाने की योजना बनाती हैं। सबसे बड़ी, जया को बचाने के लिए, सत्यम उसे घरेलू नौकरानी के रुप में रख लेता है। वह उससे छोटी दोनों लड़कियों को भी कोई न कोई काम देता रहता है।

परन्तु विजतन्, जया को फुसला लेता है, जो उसे एक मॉडल बनाने का दावा करता है। जब वह गर्भवती हो जाती है, वह उसे छोड़ कर चला जाता है और वह निराश होकर अपनी आंटियों के धंधे में शामिल हो जाती है। आंटियां अब छोटी भतीजियों को भी इस धंधे में घसीटने का प्रयत्न करती हैं। जब सत्यम् यह सब सुनता है तो वह पागल हो जाता है और उन्हें मार कर छोटी लड़कियों को वेश्यावृत्ति के धंधे से बचाना चाहता है। जब वह विजयन् को एक दोस्त के साथ देखता है तो उसे भी मार डालता है और तब आत्म-सपर्मण कर देता है।

SADAYAM

Malayalam/colour/165 min.

Producer: Seven Arts Films **Director:** Sibi Malayil **Screenplay Writer:** M.T. Vasudevan Nair **Leading Actor:** Mohanlal **Leading Actress:** Madhu **Supporting Actors:** Nedumudi Venu, Thilakan **Supporting Actress:** K.P.A.C. Lalitha **Child Artistes:** Kaveri, Chaithanya **Cinematographer/Choreographer:** Anandakuttan **Audiographer:** Sampath AVM R-R **Editor:** L. Bhoominathan **Art Director:** Krishnan Kutty **Music Director:** Johnson **Costume Designer:** Vajramani

Sathyanathan is a convicted murderer awaiting his execution. In a series of flashbacks the film reveals his history.

Sathyanathan ran away from home to escape taunts about his illegitimacy. He is brought up by Father Dominic, who enrolls him in a school and encourages his artistic abilities. Sathyanathan becomes a painter of hoardings and goes to Calicut. His neighbours are two prostitutes who plan to initiate their three young nieces into their profession. To save the eldest, Jaya, Sathyanathan employs her as a maid. He also gives odd jobs to the younger girls.

But Jaya is enticed by Vijayan, who claims he will make her a model. When she becomes pregnant, he abandons her and she joins her aunts in desperation. The aunts next make an attempt on the younger nieces. Sathyanathan goes mad when he hears of it and tries to save the younger girls from prostitution by killing them. When he sees Vijayan with a friend he kills them as well, and then surrenders himself.

सरगम

मलयालम/रंगीन/147 मिनट
निर्माता: भवानी **निर्देशक/पटकथा लेखक:** हरिहरण **मुख्य अभिनेता:** मनोज के. जयन, विनीत **मुख्य अभिनेत्री:** अमृता **सह-अभिनेता:** नेडुमुडि वेणु **सह-अभिनेत्री:** उर्मिला उन्नि **बाल कलाकार:** रोशन बिजिली **छायाकार:** शाजी **ध्वनि आलेखक:** स्वामीनाथन, कोदंडपाणि रिकार्डिंग थियेटर **संपादक:** एम.एस. मोनी **कला निर्देशक:** देवन **संगीत निर्देशक:** रवि **पार्श्व गायक:** के. जे. यशुदास **पार्श्व गायिका:** चित्रा **गीत:** युसुफ अली केचेरी **वेशभूषाकार:** नटराजन **विशेष प्रभाव:** मुरुकेश

सुभद्रा तामपुराठी का कुट्टन नाम का एक बेटा है, जिसे मिर्गी पड़ती है। वह झक्की और ज़िद्दी बन गया है क्योंकि इस हालत में उसे न तो कोई प्यार करता है और न ही उसे कोई चाहता है। उसके मित्र, हरि का लालन-पोषण भी सुभद्रा द्वारा ही होता है। हरि, अपने पिता से संगीत सीख कर, एक संगीतज्ञ बन जाता है। वह तंकामणि से प्रेम करने लगता है, जो इसके पिता की शिष्या है।

एक डाक्टर के सुभद्रा को यह सलाह देता है कि कुट्टन शादी के बाद ठीक हो सकता है। सुभद्रा तंकामणि को अपने बेटे की दुल्हन के रूप में देखना चाहती है और हरि को अपने प्यार की कुर्बानी देने के लिए कहती है।

फ़िल्म, हरि के लंबे समय के बाद घर वापिस लौटने से शुरू होती है, जो वापिस आकर कुट्टी को मरा हुआ पाता है, तंकामणि को लकवा मार जाता है और वह गूंगी हो जाती है तथा सुभद्रा मृत्युशय्या पर पड़ी होती है, सुभद्रा बताती है कि कुट्टन को तंकामणि के प्रति हरि के प्यार का पता चल जाता है, वह हरि की तलाश करता है और फिर आत्महत्या कर लेता है। अपनी गलती स्वीकार करते हुए उसे पाप से मुक्ति मिलती है। वह गाती है और हरि भजन को दोहराता है। तंकामणि की आवाज़ लौट आती है।

SARGAM

Malayalam/colour/147 min.

Producer: Bhavani **Director/Screenplay Writer:** Hariharan **Leading Actors:** Manoj K. Jayan, Vineeth **Leading Actress:** Amrutha **Supporting Actor:** Nedumudi Venu **Supporting Actress:** Urmila Unni **Child Artiste:** Roshan Bijili **Cinematographer:** Shaji **Audiographer:** Swaminathan Kodhandapani Recording Theatre **Editor:** M.S. Money **Art Director:** Devan **Music Director:** Ravi **Male Playback Singer:** K.J. Yesudas **Female Playback Singer:** Chitra **Lyrics:** Yusuf Ali Kechery **Costume Designer:** Natarajan **Special Effects:** Murukesh

Subhadra Thampuratty has an epilectic son, Kuttan, and has also brought up Hari, his close friend. Hari becomes a musician, learning from his father. He falls in love with Thankamani, his father's student. A doctor recommends that Kuttan can be cured by marriage. Subhadra fixes on Thankamani as her son's bride and asks Hari to renounce his love.

Hari returns after a long absence to find Kuttan dead, Thankamani mute after a paralytic stroke and Subhadra on her deathbed. Subhadra reveals that Kuttan had realised Hari's love for Thankamani, searched for him, and then killed himself. She is released from her guilt by her confession. She sings a kirtan and Hari takes up the song. Thankamani regains her voice.

श्वेत पाथरेर थाला

बंगला/रंगीन150 मिनट
निर्माता: शंकर गोप **निर्देशक/पटकथा लेखक:** प्रभात राय **मुख्य अभिनेता:** दीपांकर राय **मुख्य अभिनेत्री:** अपर्णा सेन **सह-अभिनेता:** सव्यसाची चक्रवर्ती **सह-अभिनेत्री:** इंद्राणि हलदर **छायाकार:** गिरीश पधिआर **ध्वनि आलेखक:** संजय मुखर्जी **संपादक:** स्वप्न गुहा **कला निर्देशक:** कार्तिक बोस **संगीत निर्देशक:** राहुल देव बर्मन **पार्श्व गायिका:** लता मंगेशकर, कविता कृष्णामूर्ति **गीत:** मुकुल दत्ता

बंदना एक साहसी महिला है जो अपने पति के घर में प्रसन्नतापूर्वक रहती है, यद्यपि वह अपने दिल की बात खोल देती है। जब उसका पति उसे और उसके दूध पीते बच्चे को पीछे छोड़ कर मर जाता है, तो उसके सास-ससुर उसकी मौत के लिए उसे कोसते हैं। उसका अंकल उसे घर वापिस ले आता है।

बंदना एक नौकरी कर लेती है। अपने अंकल की मौत के बाद वह अपने बेटे, अभिरूप के लिए एक घर बनाने का अपना प्रयत्न जारी रखती है। कुछ वर्षों के बाद, वह सुदीप्त सरकार-एक पेंटर से मिलती है और वे एक-दूसरे के प्रति आकर्षित हो जाते हैं। अभिरूप इस संबंध का विरोध करता है। मां तथा बेटे के संबंधों की गहराई और बढ़ जाती है जब वह उसकी इच्छाओं के विरुद्ध शादी कर लेता है तथा अपने पूर्वजों के घर के अपने हिस्से को बेचकर विदेश चले जाने का निर्णय करता है। बंदना बीमार पड़ जाती है और सुदीप्त की टहल-सेवा से उसका स्वास्थ्य ठीक हो जाता है।

वह एक अनाथालय में चली जाती है। सुदीप्त उसे वहां मिलने जाता है परंतु वह कहती है कि अनाथों के प्रति उसके निःस्वार्थ प्यार ने उसके सभी दुःख-दर्द भुला दिए हैं। उनकी बिदाई के बाद वह अपने बचपन की गुड़िया को नदी में फेंक देती है।

SHWET PAATHARER THAALA

Bengali/colour/150 min.

Producer: Shankar Gope **Director/ Screenplay Writer:** Prabhat Roy **Leading Actor:** Dipankar Dey **Leading Actress:** Aparna Sen **Supporting Actor:** Sabyasachi Chakraborty **Supporting Actress:** Indrani Halder **Cinematographer:** Girish Padhiar **Audiographer:** Sanjoy Mukherji **Editor:** Swapan Guha **Art Director:** Kartick Bose **Music Director:** Rahul Dev Burman **Female Playback Singers:** Lata Mangeshkar, Kavita Krishnamoorthy **Lyrics:** Mukul Dutta.

Bandana is a spirited woman who is happy in her husband's home, although she speaks her mind freely. When her husband dies in an accident, leaving her with her infant son, her parents-in-law blame her for his death. Her uncle takes her home again.

Bandana takes up a job. After her uncle's death she continues to make a home for her son, Abhirup. Years later she meets Sudipta Sarkar, a painter, and they become attached to each other. Abhirup opposes this relationship, and the chasm between mother and son widens when he marries against her wishes and decides to go abroad with the proceeds from selling his share of the ancestral house. Bandana breaks down and is nursed back to health by Sudipta.

She withdraws into an orphanage. Sudipta follows her there, but she says the selfless love of the orphans has made her forget her troubles. After their farewell, she puts her childhood dolls into the river.

सूरज का सातवां घोड़ा

हिंदी/रंगीन/130 मिनट

निर्माता: एन.एफ.डी.सी., दूरदर्शन **निर्देशक:** श्याम बेनेगल **पटकथा लेखक:** शमा ज़ैदी **मुख्य अभिनेता:** रजत कपूर, अमरीश पुरी **मुख्य अभिनेत्री:** राजेश्वरी कौल, पल्लवी जोशी, नीना गुप्ता **सह-अभिनेता:** ललित तिवारी, रिजू बजाज़, रवी झंकल **सह-अभिनेत्री:** मोहिनी शर्मा **छायाकार:** पीयूश शाह **ध्वनि आलेखक:** अश्वनि बलसावर **संपादक:** भानूदास दिवाकर **कला निर्देशक:** नितिश राय **संगीत निर्देशक:** वनराज भाटिया **पार्श्व गायक:** उदित नारायण **पार्श्व गायिकायें:** कविता कृष्णमूर्ति, शुभा जोशी **गीत:** वसंत देव **वेशभूषाकार:** पिया बेनेगल

मानेक मुल्ला एक अविवाहित युवक है जो हर शाम अपने काम के बाद अपने छोटे से कमरे में दोस्तों के साथ बैठक लगाता है। इस पूरी फ़िल्म में वो तीन कहानियां सुनाता है और कहानियों में औरतों से अपने संबंधों के बारे में बताता है।

SURAJ KA SATVAN GHODA

Hindi/colour/130 min.

